प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
INS ACCREDITED यूनिकॉम
unicomadvertising.com
सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053
डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28
Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com
वर्ष-3 | अंक-351 | मथुरा, शनिवार, 14 फरवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### ताज ट्रैपेजियम क्षेत्र में वायु निगरानी केंद्र बंद

# फरह में निगरानी पर उठे सवाल



## मथुरा रिफाइनरी के वायु गुणवत्ता केंद्र की हालत जर्जर

## केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पोर्टल पर डेटा गायब

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** ताज ट्रैपेजियम क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित मथुरा रिफाइनरी का परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र इन दिनों चर्चा में है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि यह केंद्र पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है और इसकी भौतिक स्थिति भी जर्जर हो चुकी है। यदि यह स्थिति सही है तो क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की निरंतर निगरानी बाधित होना गंभीर चिंता का विषय है। यह केंद्र की मथुरा रिफाइनरी द्वारा स्थापित चार प्रमुख निगरानी केंद्रों में से एक बताया जाता है। इसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जाना था। इसका उद्देश्य सूक्ष्म कण (पीएम2.5), स्थूल कण (पीएम10), सल्फर डाईऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे प्रदूषकों की सतत निगरानी कर संबंधित संस्थाओं को आंकड़े उपलब्ध कराना है। रोचक तथ्य यह है कि अंतरराष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मंच जैसे आईक्यू एयर और एक्यू वेदर पर फरह क्षेत्र का वायु गुणवत्ता सूचकांक प्रदर्शित हो रहा है। हाल के आंकड़ों में सूचकांक लगभग 104 (अमेरिकी मानक) दर्ज किया गया, जो संवेदनशील समूहों के लिए अस्वास्थ्यकर श्रेणी में आता है। मुख्य प्रदूषक सूक्ष्म कण (पीएम2.5) का स्तर लगभग 36.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर बताया गया। तापमान करीब 17 डिग्री सेल्सियस, हवा की गति 7 किलोमीटर प्रति घंटा और आर्द्रता 39 प्रतिशत दर्ज की गई। लेकिन यदि स्थानीय सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र वास्तव में बंद है, तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि प्रदर्शित आंकड़े वास्तविक समय के हैं या अनुमान आधारित। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आधिकारिक पोर्टल पर फरह केंद्र का नियमित आंकड़ा उपलब्ध न होना भी पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि शीतकाल में तापमान उलटाव, सड़क की धूल और औद्योगिक उत्सर्जन के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक 75 से 150 के बीच बना रह सकता है, जो बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन रोगियों के लिए जोखिमपूर्ण है। ऐसे में निगरानी तंत्र का बंद होना जनस्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर विषय है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि केंद्र की तकनीकी जांच कर उसे शीघ्र चालू कराने तथा रखरखाव की स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की। अब देखना है कि संबंधित विभाग इस पर कितनी तत्परता दिखाते हैं। पीआरओ रेणु पाठक ने बताया कि ये वायु निगरानी केंद्र ऑटोमेटिकली ऑपरेट होता है।

# योगी सरकार के मंत्री के नजदीकी पर जानलेवा हमला

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, बरसाना (मथुरा)।** थाना बरसाना क्षेत्र के नंदगांव में देर रात यूपी के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के करीबी पर जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोप है कि पांच नामजद सहित 40 से ज्यादा अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और अवैध हथियारों से हमला बोला।

## पुलिस हमलावरों को पकड़ने में जुटी

इस हमले में भाजपा नेता के दो भतीजों समेत तीन लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि नंदगांव निवासी दान बिहारी चौधरी के भतीजे श्याम का गांव के ही हिस्ट्रीशीटर जीतू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर मामला तूल पकड़ गया। जानकारी मिलने पर कोसीकलां में रह रहे दान बिहारी चौधरी अपने पुस्तैनी घर नंदगांव पहुंचे, ताकि दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया जा सके। आरोप है कि दान बिहारी के गांव पहुंचते ही 40 से ज्यादा लोग एकत्र हो गए। अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने घर में घुसकर मारपीट की। जान से मारने की नीयत से हमला किया। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में थाना जाकर तहरीर दी गई है।

# मथुरा में बनेगा देश का पहला राष्ट्रीय गो-संस्कृति म्यूजियम



परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप, जिलाधिकारी सीपी सिंह, परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल स्थल का निरीक्षण करते हुए।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की पहल पर उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में देश का पहला राष्ट्रीय गो-संस्कृति म्यूजियम स्थापित किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में भूमि का चयन कर लिया गया है और इसे राष्ट्रीय स्तर की परियोजना के रूप में विकसित किया जाएगा। यह म्यूजियम गोवंश के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से गाय और उसके उत्पादों की उपयोगिता को आम जनमानस तक पहुंचाएगा। परंपरा और विज्ञान के संगम के माध्यम से गो-संरक्षण, गो-पालन और गो-आधारित जीवनशैली की समग्र समझ विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। शनिवार को परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप, जिलाधिकारी सीपी सिंह, परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल तथा मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन सहित अन्य अधिकारियों ने

## आस्था-आध्यात्म और विज्ञान का संगम

प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर रूपरेखा पर चर्चा की। मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने बताया कि म्यूजियम में डिजिटल एवं प्रतीकात्मक स्वरूप में 100 गोवंश मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे, जिनमें देश की प्रमुख नस्लों के साथ लुप्तप्राय प्रजातियां भी शामिल होंगी। दुग्ध उत्पादों-दूध, दही, पनीर, घी आदि-की वैज्ञानिक, पोषणात्मक व आयुर्वेदिक उपयोगिता को आधुनिक तकनीक से प्रस्तुत किया जाएगा। परिसर में दुग्ध उत्पाद पार्लर भी विकसित होगा। परियोजना के माध्यम से भारतीय संस्कृति में गाय के "माता" स्वरूप और उसकी आध्यात्मिक भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यह म्यूजियम ब्रज की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और गो-आधारित अर्थव्यवस्था को वैज्ञानिक दृष्टि से सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# वेलेंटाइन डे पर चोरी छिपे प्यार का इजहार

**यूनिक समय, मथुरा।** वेलेंटाइन डे पर आज सुबह से पार्क, रेस्टोरेंट और कॉलेजों में चहल पहल थी। प्यार करने वाले एक दूसरे को गुलाब का फूल देकर प्यार का इजहार करते देखे गए। कई माता-पिता ने अपने बच्चों को प्यार किया। कुछ लोग भगवान से प्यार के वास्ते फूल लेकर मंदिर पहुंचे। वैसे

## भगवान से भी प्यार करने पहुंचे लोग मंदिरों में

गिफ्ट की दुकानों पर उपहार लेने के लिए चोरी छिपे कुछ युवक-युवती पहुंचे। उन्होंने मनपसंद उपहार खरीदकर एक दूसरे को दिए। वैसे हिंदूवादी नेताओं की कुछ जगहों पर पैनी नजर लगी रही।

राहत

### होली से पहले भक्तों के लिए राहत

# भक्त बोले... आराम से हो गए ठा. बांके बिहारी के दर्शन



ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में लगाई रेलिंग में खड़े होकर दर्शन करते भक्त।



शनिवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में एक श्रद्धालु के कंधे पर बैठा बच्चा।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठा बाँके बिहारी मंदिर मे श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगमता के लिए हाईपावर कमेटी के निर्देश पर मंदिर के मुख्य आंगन में सात रेलिंग लगाई हैं। मंदिर के पिछले हिस्से में तेजी से रेलिंग लगाने का काम चल रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो कल तक रेलिंग लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। होली पर उमड़ने

## बांके बिहारी मंदिर में भीड़ के बीच भक्तों ने कंधों पर बच्चे बिठाए

वाले लाखों श्रद्धालु भक्त रेलिंग से गुजरकर दर्शन कर सकेंगे। इससे पहले मेरठ की एजेंसी ने कारीगरों ने नौ जनवरी को मंदिर में रेलिंग लगाकर तकनीकी कमी के चलते अगले दिन हटा दी गयी थीं। अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि रेलिंग की व्यवस्था होली पर आने वाले श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए शुरू कर दी गई है। अब श्रद्धालुओं को लाइन के सहारे आगे बढ़ते हुए चलना पड़ेगा। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आज से रेलिंग के अंदर से दर्शन की व्यवस्था की गई। गेट नंबर तीन और चार से प्रवेश करने वाले श्रद्धालु धक्का मुक्की करते हुए आगे बढ़ते बढ़े जा रहे थे। हालात तो उन श्रद्धालुओं की खराब थी, जो साथ में बच्चों को लाए। उन्होंने बचाव करते हुए बच्चों को कंधों पर बिठा लिया। इस दौरान कई बच्चों को बिलखते देखा गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सरकारी और निजी सुरक्षाकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी।



## उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद में रंगोत्सव 2026 की तैयारियों पर मंथन

# नंदगांव–बरसाना से वृंदावन तक बिखरेंगे रंग, प्रशासन ने कसी कमर



होली की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते यूपी के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण। साथ में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजकांत मिश्र और डीएम सीपी सिंह आदि।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में रंगोत्सव 2026 की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए यूपी के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने महापौर विनोद अग्रवाल, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र, मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन जी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, उप जिलाधिकारी गोवर्धन श्रीमती प्राजक्ता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर मंथन किया। बताया गया कि 24 फरवरी को फाग आमंत्रण नंदगाँव एवं लड्डू होली बरसाना, 25 फरवरी को लठामार होली बरसाना, 26 फरवरी को लठामार होली नन्दगाँव एवं रंग लठामार होली गंव रावल, 27 फरवरी को श्री कृष्णजन्म स्थान मंदिर में रंगो की होली, वृन्दावन के श्री बांके बिहारी मन्दिर में रंगो की होली तथा मथुरा श्री द्वारिकाधीश जी मंदिर में कुंज की होली, 1 मार्च को छड़ीमार होली गोकुल, 3 मार्च को चतुर्वेदी समाज का डोला मथुरा तथा होलिका दहन, गांव फालैन (ब्रह्म मुहूर्त), 4 मार्च को धुलैड़ी मथुरा जनपद, 5 मार्च को दाऊजी का हुरंगा बल्देव, ग्राम जाँब का हुरंगा, चरकुला मुखराई एवं नन्द गांव का हुरंगा, 6 मार्च को गांव बठैन का हुरंगा एवं गिडोह का हुरंगा, 9 मार्च को छडीमार होली महावन तथा 12 मार्च को श्री रंग जी मन्दिर वृन्दावन में होली होगी। बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लडडू होली तथा लठामार होली की तैयारियों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों से सम्बन्धित मंचो, साज–सज्जा, प्रवेश द्वार, सेल्फी पॉइन्ट आदि का निर्माण एवं लाइव प्रसारण आदि की व्यवस्था पर्यटन विभाग एवं उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा समन्वय स्थापित कर किया जायेगा। श्री राधा बिहारी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप की दो टूक

## होली पर नकली रंग और गुलाल बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप ने निर्देश दिए कि नकली गुलाल बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा कही पर भी नकली गुलाल नहीं बिकना चाहिए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन एवं पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को सुचारू रखते हुए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र पर पैनी निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बैरियर एवं बैरिकेडिंग का कार्य समय से पूर्ण कराए।

उन्होंने सक्रिय खोया पाया केंद्र एवं कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि गोवर्धन ड्रेन/नहरों की सफाई को ससमय पूर्ण करें।

### रंगोत्सव में जिले में 12 सेल्फी प्वाइंट बनेंगे

**यूनिक समय, मथुरा।** रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर 12 सेल्फी प्वाइंट की स्थापना की जाएगी, जिसमें बरसाना में 5, नंदगांव में 2, गोकुल में 1, महावन में 1, बलदेव में 1, रावल में 1 तथा फालैन में 1 सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा।

### रंगोत्सव पर विभिन्न स्थलों पर बनेंगे प्रवेश द्वार

**यूनिक समय, मथुरा।** रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न स्थलों पर प्रवेश द्वारों की स्थापना की जाएगी। इसमें बरसाना में 05, नन्दगाँव में 04, रावल में 02, गोकुल में 02, बलदेव में 02, फालैन में 02, महावन में 01 तथा मथुरा में 05 कुल 23 द्वार बनाए जाएंगे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों को 15 स्टेज बनेंगे

**यूनिक समय, मथुरा।** रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत बरसाना, नन्दगाँव, फॉलैन एवं मथुरा जनपद के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु 25 छोटे स्टेज बनाए जाएंगे।

## होली पर आने वाले लोगों से मधुर व्यवहार करें कर्मचारी: लक्ष्मी नारायण

**यूनिक समय, मथुरा।** यूपी के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों से विनम्र रहे। अपनी भाषा को मृदुल रखे तथा सेवा–भाव से ड्यूटी का निर्वहन करें। मंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूषित एवं मिलावटी पदार्थों को नष्ट कराएं। सभी दुकानों एवं रेस्टोरेंट संचालकों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित करें कि नकली सामान नहीं बिकना चाहिए। गुणवत्तापूर्व भोजन एवं अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सभी को सजग करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी दुकान एवं रेस्टोरेंट संचालक का उत्पीड़न / शोषण नहीं होना चाहिए। मंत्री ने निर्देश दिए कि भंडारा लगाने वालों को सफाई हेतु निर्देशित किया जाए तथा उक्त स्थानों पर सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। जगह–जगह पर कूड़ेदान लगाए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत, कुंडो की बैरिकेडिंग, पुलिस बैरियर, वॉचटॉवर, पार्किंग आदि के व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने निर्देशित किया कि सभी पार्किंग पर बड़े बड़े बैनर / होर्डिंग लगाए जाए जिसमें लिखा जाए कि सभी श्रद्धालु अपने जूता चप्पल गाड़ी/होटल आदि में उतार कर आएं। उन्होंने कहा कि पार्किंगों हेतु दिशा सूचक चिन्ह लगाए जाए तथा अधिकारी भ्रमण करते हुए पार्किंगों में लाइट, पेयजल, शौचालय, रैंप, साइनबोर्ड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया गया कि बसों को एकल मार्ग व्यवस्था अनुसार संचालित कराए। मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों, गलियों एवं चौकों की पेंटिंग की जाए, लाइटिंग एवं साज सज्जा की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों के पेच कसे

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी सीपी सिंह ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सुदृढ़ साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी ने अवगत कराया कि सफाई हेतु 294 सफाई कर्मचारी एवं 35 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लटके हुए तारों को एकत्रित कराए, विद्युत खंभों व ट्रांसफार्मर की प्लास्टिक रैपिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि

### सफाई और विद्युत आपूर्ति में लापरवाही नहीं होनी चाहिए

बरसाना के लोक निर्माण विभाग के सभागार में स्थापित कंट्रोल रूम पर विद्युत विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाए तथा मेला क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर टीम तैनात करें, जो तत्काल समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

## लोग अपने जूते गाड़ी या पार्किग मे उतारें: मिश्रा

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा ने कहा कि होटल एवं पार्किंग संचालकों के साथ बैठक करें। होटल एवं पार्किंग संचालक सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करें कि वे अपने जूते–चप्पल होटल या

### होटल और पार्किंग संचालकों को कड़े निर्देश

अपनी गाड़ी में उतार कर दर्शन हेतु जाएं, क्योंकि दर्शन हेतु एकल मार्ग की व्यवस्था है।

### प्रमुख मंदिरों में होगी विद्युत सजावट

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख मन्दिरों पर प्रकाश व्यवस्था/विद्युत सजावट का कार्य किया जाएगा, जिसमें गाजीपुर मन्दिर, संकेत मन्दिर, श्री राधारानी मन्दिर रावल, नन्दकिला नन्दभवन गोकुल, श्री प्रहलाद मन्दिर (प्रहलाद कुण्ड) ग्राम फालैन, होली दरवाजा (होलीगेट) मथुरा, विश्राम घाट मथुरा, ठाकुर श्री दाऊजी मन्दिर बलदेव तथा नन्दभवन, चौरासी खम्भा मन्दिर महावन शामिल हैं। फसाड लाईटिंग का कार्य श्री राधारानी जी मन्दिर बरसाना तथा श्री नन्द मन्दिर नन्दगाँव में किया जाएगा।

### बरसाना को सात जोन और 18 सेक्टर में बांटा

**यूनिक समय, मथुरा।** एसएसपी श्लोक कुमार ने अवगत कराया कि बरसाना को 7 जोन व 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। बरसाना हेतु 56 पार्किंग स्थल तथा 94 बैरियर बनाए जा रहे हैं। 13 स्थलों पर स्वास्थ्य केंद्र तथा 05 दो पहिया एम्बुलेंस लगाई जाएंगी। बरसाना में 5 वॉचटावर तथा 5 स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### कल सोच समझकर घर से निकलना

## महाशिवरात्रि को लेकर यातायात परिवर्तित

**यूनिक समय, मथुरा।** महाशिवरात्रि पर 14 एवं 15 फरवरी को यातायात डायवर्जन प्लान घोषित किया गया है। महाशिवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए 14 एवं से 15 फरवरी को समय रात्रि 10.00 बजे तक यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू रूप से चालाये जाने हेतु निम्न स्थानों पर बैरियर लगाकर डायवर्जन किया जायेगा। गोवर्धन चौराहा एवं मण्डी चौराहा से भूतेश्वर की ओर तथा थाना हाईवे कट से धौली प्याऊ की ओर एवं पुराना आरटीओ कट सेशहर की ओर सभी प्रकार के कॉमशियल भारी वाहन रोडवेज बसें, ट्रैटर शहा की तरफ पर्णतः प्रतिबन्धित रहेगें। रोडवेज बसें मालगोदाम रोड़ से होकर बस स्टैंड तक जा सकेगी तथा उसी रास्ते से वापस आ सकेंगी। गोवर्धन चौराहा एवं मंडी चौराहा से ऑटो। ई–रिक्शा भूतेश्वर की ओर की ओर पूर्णतः प्रतिबन्धित रहें। मसानी चौराहा से भूतेश्वर की तरफ सभी प्रकार के कॉमर्शियल तथा भारी वाहन नगर निगम की बसें, ट्रैक्टर, ऑटो, ई–रिक्शा आदि प्रतिबन्धित रहेगें। भूतेश्वर की ओर से जाने वाली रोडवेज व नगर निगम की बसें भूतेश्वर की ओर पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगी। ये सभी बसें मालगोदाम होकर अपने गनतव्य को जा सकेगीं। स्टेट बैंक चौराहा से सभी प्रकार के कॉमर्शियल भारी वाहनों टैक्टर, बड़े टैम्पो / ई–रिक्शा आदि भतेश्वर की ओर पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। कृष्णापुरी से सभी प्रकार के कॉमर्शियल एवं भारी वाहनों को होलीगेट तथा टैक चौराहा की तरफ पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। लक्ष्मी नगर से एनसीसी तिराहा की ओर सभी प्रकार के कॉमर्शियल / भारी वाहनों पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगें। टैंक चौराहा से स्टेट बैंक की ओर सभी प्रकार के कॉमर्शियल भारी वाहन ट्रैक्टर आदि पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। गोकुल बैराज मोड़ से टैंक चौराहा की ओर सभी प्रकार के कॉमर्शियल भारी वाहन ट्रैक्टर, बसें आदि पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगें। टाउनशिप चौराहा से अलीगढ़, हाथरस को जाने वाले भारी वाहन लक्ष्मीनगर तिराहा की ओर पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। यह वाहन मथुरा बरेली हाईवे होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकें। राया कट यमुना एक्सप्रेस–वे से मथुरा शहर की ओर सभी प्रकार के भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगें तथा यह वाहन मथुरा बरेली हाई–वे होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।

### तापमान / मौसम

28 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

12 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

### सोना–चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,58,000

22 कैरेट 1,45,360

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,60,000 प्रति किलो

## महाशिवरात्रि पर विद्युत निगम सतर्क, मंदिर क्षेत्रों में बॉक्स किए सुरक्षित

**यूनिक समय, मथुरा।** महाशिवरात्रि को लेकर विद्युत निगम की सक्रियता बढ़ गई है। भगवान शिव के जलाभिषेक एवं दर्शनों के लिए उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर क्षेत्रों में लगे बिजली बॉक्सों को प्लास्टिक की पन्नी से कवर किया जा रहा है। शनिवार को रंगेश्वर महादेव मंदिर एवं भूतेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्रों में दिनभर कार्य कराया गया। महाशिवरात्रि की तैयारियों के तहत अधीक्षण अभियंता मुदित तिवारी ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख शिव मंदिरों के आसपास लगे सभी विद्युत बॉक्सों की जांच सुनिश्चित की जाए। खुले बॉक्स तत्काल बंद कराए जाएं तथा सुरक्षा की दृष्टि से उन पर प्लास्टिक कवर चढ़ाया जाए। इसी क्रम में कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों ने रंगेश्वर, भूतेश्वर सहित अन्य शिव मंदिरों के आसपास लगे बॉक्सों को सुरक्षित किया। क्षेत्रीय इंजीनियर मौके पर पहुंचकर कार्य की निगरानी करते रहे और आवश्यक दिशा–निर्देश देते रहे।

### मथुरा में 22 फरवरी को मेगा विधिक सहायता शिविर

**यूनिक समय, मथुरा।** आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 फरवरी को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन डेम्पियर नगर में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में विभिन्न सरकारी विभाग भाग लेंगे। समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पुलिस, बैंकिंग संस्थान और नगर निगम सहित कई विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। नागरिकों को पेंशन, स्वास्थ्य योजनाओं, श्रम, शिक्षा, बैंकिंग सेवाओं और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति जोकि एक किता प्लाट सं– 111, जिसका कुल क्षेत्रफल 195.08 वर्गमीटर है जो स्थित मौजा महोली अन्दरुन अवधपुरी कॉलोनी, जिला मथुरा में स्थित है, श्रीमती किशन देवी पत्नी सूबेदार गिर्राज सिंह से श्रीमती सरला देवी पत्नी श्री सुधीर गर्ग निवासी शक्ति नगर, महोली रोड, जिला मथुरा ने क्रय की थी, जोकि उपनिबन्धन कार्यालय मथुरा में दिनांक 01.11.2018 के क्रमांक 15168 पर दर्ज है के पूर्व के बैनामे का असल प्रलेख जो कि उपनिबन्धन कार्यालय मथुरा में दिनांक 20.08.2001 को बही संख्या 1 जिल्द 1530 संख्या 319–348 के क्रमांक 5226 पर दर्ज है की मूल प्रति कहीं खो गयी है। अब इस सम्पत्ति पर श्रीमती सरला देवी पत्नी श्री सुधीर गर्ग, ग्रेहम हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड, मथुरा से ऋण प्राप्त कर रही है। अतः यह सदर बैनामे दिनांकित 10-08-2018 किसी के पास हैं अथवा गिरवी हो अथवा कोई व्यक्ति बैंक संस्था इस सम्पत्ति अथवा विकय पत्र में हित रखता हो तो इस प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर नीचे लिखे कार्यालय में दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरित सम्पर्क / सूचित करे। 7 दिन के पश्चात कोई क्लेम प्राप्त नहीं होगा। **दिनांक 10.02.2026 नितिन कुमार घोरले ऐडवोकेट ग्रेहम हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड, मथुरा। फोन न0 9997149391**

### वायरल वीडियो को देखकर पुलिस दौड़ी

# कहासुनी में गोस्वामी ने बेंत मारकर श्रद्धालु का सिर फोड़ा

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर राधा बल्लभ मंदिर के पास बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी और एक श्रद्धालु में झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान बुजुर्ग गोस्वामी ने श्रद्धालु पर बेंत से हमला कर दिया। जिससे श्रद्धालु के सिर में चोट लग गई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने हमला करने वाले गोस्वामी को पकड़कर बांके बिहारी पुलिस चौकी भेज दिया। बांके बिहारी मंदिर के शयन भोग के समय एक पुजारी किसी काम से जुगल घाट की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान वह जब राधा बल्लभ मंदिर के पास सीढ़ियों वाले रास्ते के पास पहुंचे तभी वहां से निकल


अपने सिर को पकड़ते श्रद्धालु

रहे श्रद्धालु से विवाद हो गया। विवाद ने कुछ देर में मारपीट का रूप ले लिया। मौके पर अफरा तफरी मच गई। श्रद्धालु और गोस्वामी के बीच हुए विवाद के दौरान गोस्वामी ने श्रद्धालु पर बेंत से हमला कर दिया। बेंत श्रद्धालु के सिर में जा लगा। जिसके कारण श्रद्धालु के सर से खून बहने लगा। श्रद्धालु के साथ मौजूद पत्नी उनको संभालती दिखी। सिर में चोट लगने के बाद भी गोस्वामी ने श्रद्धालु पर बेंत से हमला करना नहीं छोड़ा। किसी तरह मौके पर मौजूद लोगों ने झगड़ा कर रहे दोनों लोगों को अलग किया। श्रद्धालु और गोस्वामी के बीच हुए झगड़े का वीडियो किसी ने बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। झगड़ा होता देख बांके बिहारी मंदिर की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और गोस्वामी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी सेवायत को गिरफ्तार कर लिया है।

## भारत स्काउट और गाइड का पाँच दिवसीय तृतीय सोपान जाँच शिविर

यूनिक समय, मथुरा। भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था मथुरा द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल अकबरपुर में पाँच दिवसीय तृतीय सोपान जाँच शिविर लगाया। शिविर के समापन कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सावन कुमार खन्ना, मुख्य अतिथि जिला मुख्यायुक्त डॉ कमल कौशिक, जिला कमिश्नर निखिल अग्रवाल व जिला संगठन कमिश्नर अशोक कुमार सोलंकी ने किया। शिविर में स्काउट गाइड के प्रतिभागी बच्चों को कैम्प क्राफ्ट, प्राथमिक सहायता, तृतीय सोपान की गांठें, बी पी सिक्स, अनुमान लगाना, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट गाइड गणवेश, बी पी सिक्स, मार्च पास्ट, मैपिंग, सिग्नेलिंग, खोज के चिन्ह, हाइक आदि के बारे में विस्तृत लीडर ऑफ द कोर्स दयाशंकर शर्मा आदि ने टेन्ट का निरीक्षण किया। सभी टोलियों ने कैम्प फायर कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी। स्काउट मास्टर त्रिनेत्र मोहन भारद्वाज ने आभार जताया।

## मथुरा के उद्योग उपायुक्त के भाई की आज सुबह हरदोई में हत्या

**संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** डिप्टी कमिश्नर (उद्योग) के भाई की हरदोई में हत्या कर दी गई। आज सुबह हमलावरों ने घर में घुसकर भाई पर बांके से हमला किया। चीख–पुकार मची तो हमलावर भाग गए। मां और पड़ोसी भागकर पहुंचे तो देखा वह पेट के बल जमीन पर तड़प रहा था। शरीर से खून बह रहा था। यह देखकर लोग घबरा गए। पड़ोसी जब अस्पताल ले जाने लगे तो घायल युवक ने कहा कि मैं अभी मरा नहीं हूं, जिंदा हूं। अभी कहीं मत लेकर जाओ, मेरे भाई को आने दो। मरने से पहले उसने गांव के हत्यारों के नाम भी बताए। हालांकि, पड़ोसी उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि डिप्टी कमिश्नर के पिता की भी जून, 2023 में हत्या कर दी गई थी। मामला पाली थाना क्षेत्र का है। डिप्टी कमिश्नर रामेंद्र कुमार मथुरा में पोस्टेड हैं। हरदोई में जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर मुड़रामऊ गांव में उनका पैतृक घर है। गांव में मां गोमती (78) और छोटा भाई विजय प्रताप (35) रहते हैं। विजय की शादी नहीं हुई है। 3 साल पहले पिता दयाराम (75) की हत्या कर दी गई थी। मां गोमती ने बताया कि शनिवार सुबह 6:30 बजे शोर सुनकर उठी तो देखा आंगन में छोटा बेटा विजय खून से लथपथ पड़ा था। वह गंभीर रूप से घायल था। इसी बीच गांव वाले आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मां गोमती के बयान पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले।




### एसएसपी श्लोक कुमार एक्शन मोड में

## महाशिवरात्रि और होली से पहले पुलिस सतर्क, तलाशी और चेकिंग

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर महाशिवरात्रि एवं होली के शांतिपूर्ण व सुरक्षित आयोजन के दृष्टिगत जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में जिले की एंटी–सबोटाज टीम और बम निरोधक दस्ते ने सार्वजनिक एवं भीड़–भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। सुरक्षा टीमों ने शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों और व्यापारिक केंद्रों जैसे होली गेट व डीग गेट पर सघन तलाशी ली। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, मथुरा छावनी तथा मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर विशेष डॉग स्क्वाड और आधुनिक उपकरणों के माध्यम से चेकिंग की गई। त्यौहारों के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि को रोकना और आम जनमानस में सुरक्षा का भाव जागृत करना। मथुरा पुलिस प्रशासन ने स्थानीय निवासियों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## बुधवार को व्यापारियों के संग होगी पुलिस की बैठक

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** कस्बा के बाजार में व्याप्त अतिक्रमण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापारियों के साथ पुलिस की बैठक बुधवार को होगी। बैठक में अतिक्रमण से बाजार को मुक्त करने पर मंथन होगा। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि कस्बा के मुख्य बाजार में काफी अतिक्रमण है, राहगीरों में भी परेशानी होती है। बाजार को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए व्यापारियों का सहयोग भी जरूरी है, इसलिए बुधवार सुबह 10 बजे थाना परिसर में व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन होगा। उन्होंने कस्बा के व्यापारियों से बैठक में प्रतिभाग करने को कहा है।

### गोवर्धन में चोरों के हौंसले बुलंद

## पहली चोरी का खुलासा नहीं दूसरी चोरी की वारदात


सरस्वती चौराहा पर चोरी की घटना के बाद दुकान पर पहुंची पुलिस।

**संवाददाता**

**यूनिक समय, गोवर्धन (मथुरा)।** थाना क्षेत्र के सरस्वती चौराहा पर एक बंद दुकान में चोरी की वारदात हुई है। अज्ञात चोर दुकान से करीब पांच लाख एक लैपटॉप सहित सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर को चुरा ले गए। इस घटना को बीती रात को अंजाम दिया गया। दुकान मालिक राजेश गुप्ता ने बताया कि उनकी बंद दुकान से चोरों ने लाखों रुपये नकद एवं हज़ारों कीमती सामान और अन्य वस्तुएं चुरा लीं। चोरी किए गए सामान की कुल कीमत लगभग पांच लाख रुपये से अधिक रुपये आंकी गई है। सुबह जब दुकान मालिक मौके पर पहुंचे जहाँ दुकान में बिखरा सामान व रेक टूटी दिखी तब उन्हें चोरी का पता चला। इसके बाद उन्होंने तत्काल स्थानीय पुलिस एवं 112 को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुट गयी।

### व्यापारी हुए चिंतित, गश्त बढ़ाने की मांग

पीड़ित राजेश गुप्ता ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने बताया कि चोरी की घटना उनके संज्ञान में है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। बताते चलें कि अभी हाल ही में एक शादी वाले घर में भी चोरी हुई थी उस घटना का अभी खुलासा भी नहीं हुआ कि दूसरी चोरी की बड़ी घटना ने लोगों को चिंता में डाल दिया है।



# पुलिस को चकमा देकर जेल चला गया हिस्ट्रीशीटर प्रधान

## हनी ट्रैप में शामिल ओल के प्रधान ने मथुरा में लगाई तलब करने की अर्जी

## आगरा की गैंगस्टर कोर्ट ने जारी कर रखे थे गैर जमानती वारंट

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** पुलिस चौकसी को चकमा देकर ओल के हिस्ट्रीशीटर प्रधान ने आगरा की गैंगस्टर कोर्ट में सरेंडर कर दिया। गैर जमानती वारंट में सरेंडर करने वाले प्रधान को न्यायालय ने जेल भेज दिया। हनी ट्रैप के आरोपी ने मथुरा की न्यायालय में तलब करने के लिए अर्जी लगाई है। विदित हो कि आगरा के थाना जगदीशपुरा के गांव अंगूठी के रहने वाले किसान जगदीश सिंह ने एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। किसान का कहना था कि उसकी जमीन रेल विकास निगम ने अधिकृत की थी, जिसके एवज में उसे करीब 3.15 करोड़ रुपये मुआवजा मिला। मुआवजे की जानकारी सपना उर्फ राजबाला और उसके सहयोगी श्याम जाट निवासी औरंगाबाद मथुरा को हो गई। इसके बाद दोनों ने उसे हनी ट्रैप में फंसाकर करीब 12 लाख रुपये वसूल लिए। दोनों ने षडयंत्र रचकर उसे 31 जनवरी को ओल बुलाया, जहां एक कमरे में उसे ग्राम पंचायत ओल का हिस्ट्रीशीटर प्रधान खूबी मिला। वह कमरे में ले गया और थोड़ी देर बाद खूबी प्रधान ओल चौकी प्रभारी कपिल कुमार और मुख्य आरक्षी चालक राकेश को लेकर कमरे पर आया। पुलिसकर्मी उसे महिला से दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर चौकी ले गए, वहां मुकदमा का भय दिखाकर एक लाख रुपये वसूल लिए, चार लाख रुपये देने के एवज में कार खड़ी करवा ली। मामला एसएसपी श्लोक कुमार के संज्ञान में आया तो आरोपी चौकी प्रभारी कपिल कुमार, मुख्य आरक्षी चालक राकेश, हिस्ट्रीशीटर प्रधान खूबी राम, सपना उर्फ राजबाला के अलावा श्याम जाट पर मुकदमा दर्ज हो गया। पुलिस इस मामले में सपना और श्याम जाट को जेल भेज चुकी है। हनी ट्रैप में वांछित ग्राम पंचायत ओल का प्रधान आगरा की गैंगस्टर कोर्ट में सरेंडर करके जेल चला गया, पुलिस को इसकी भनक भी नहीं लगी। अब प्रधान की ओर से मथुरा की न्यायालय में आगरा जेल से तलब करने को अर्जी लगाई है। मामले से जुड़े जानकारों ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर प्रधान के खिलाफ दर्ज मामले में आगरा की गैंगस्टर कोर्ट की ओर से गैर जमानती वारंट जारी थे। इन वारंट के आधार पर उसने 10 फरवरी को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जमानत नहीं कराने पर न्यायालय ने उसे आगरा की जेल भेज दिया अब प्रधान ने अधिवक्ता के माध्यम से मथुरा की कोर्ट में आगरा की जेल से तलब करने के लिए अर्जी लगाई है।




लक्ष्मी नगर स्थित भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन की रथ सहित रथ की प्रति का लोकार्पण करते महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त जगप्रवेश।

# गोपाल प्रसाद व्यास की 110वीं जन्म वर्षगांठ मनाई



बृज साहित्य परिषद न्यास के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में कवि गोपाल व्यास को श्रद्धांजलि देते कवि।

**संवाददाता**
**यूनिक समय, गोवर्धन।** चंद्र सरोवर परासौली स्थित सरस्वती मंदिर व्यास भवन में आयोजित जन्मदिन महोत्सव के अंतर्गत विश्व विख्यात हास्य कवि, बृज भाषा के अलौकिक दीपक गोपाल प्रसाद व्यास के 110 में जन्म दिवस पर ब्रज साहित्य परिषद न्यास के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि हरी बाबू ओम ने की। गोपाल प्रसाद व्यास एक अतुलनीय कवि थे। सभी कवियों ने व्यास जी की कविताओं को सुना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कवियत्री रेनू उपाध्याय, रूपेश धनगर, राम खिलाड़ी, राम सखी, अनिल शर्मा, उद्धव शर्मा, बृज साहित्य परिषद न्यास के कोषाध्यक्ष धीरज कौशिक, माधव शर्मा एवं श्यामा लोक कला मंच के सचिव राजेश प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन कवि गोपाल प्रसाद गोप ने किया।

# एनसीसी ‘सी’ सर्टिफिकेट कैडेटों की सेना कार्यशैली पर प्रैक्टिकल परीक्षा



प्रैक्टिकल परीक्षा में हिस्सा लेते एनसीसी कैडिट।

**यूनिक समय, मथुरा।** किशोरी रमन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 11 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल अजय कुमार के नेतृत्व में एनसीसी ‘सी’ सर्टिफिकेट कैडेटों की सेना कार्यशैली पर आधारित महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल परीक्षा हुई। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने परीक्षा स्थल का निरीक्षण कर कैडेटों को शुभकामनाएँ दीं। परीक्षा की शुचिता हेतु 4 उ.प्र. गर्ल्स एनसीसी बटालियन, फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल सी. शारदा ने प्रेसिडिंग अधिकारी तथा 12 उ.प्र. एनसीसी बटालियन, फतेहगढ़ के एडम अधिकारी कर्नल अमरदीप सिंह ने निरीक्षण किया। परीक्षा में ड्रिल अनुशासन, हथियारों की तकनीकी जानकारी व खोलने–बंद करने की गति, मैप रीडिंग से स्थिति ज्ञात करना तथा वायरलेस सेट के प्रभावी प्रयोग सहित पाँच स्तरों पर सैन्य दक्षता परखी गई। इसमें 11 उप्र, 10 उप्र, 9 उप्र और 1 उप्र आरबीसी एनसीसी बटालियन के लगभग 550 कैडेट्स शामिल हुए। आयोजन में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक का विशेष योगदान रहा। साथ ही लेफ्टिनेंट अभिषेक सोलंकी, सूबेदार मेजर राजविंदर सिंह, कर्मवीर, बलिहार सिंह, सूबेदार जसविंदर सिंह, नायक सूबेदार सुखविंदर सिंह, नायक सूबेदार नीर बहादुर राणा, सूबेदार विपिन कुमार द्विवेदी, चंद्र प्रकाश धनगर तथा विभिन्न बटालियनों के सैन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# अष्टम सामूहिक एकादशी उद्यापन समारोह का समापन



अष्टम सामूहिक एकादशी उद्यापन समारोह में भक्तजन।

## चित्रकूट मसानी पर हवन–पूजन के साथ पूर्णाहुति

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति मथुरा द्वारा आयोजित अष्टम सामूहिक एकादशी उद्यापन समारोह का समापन शनिवार को चित्रकूट मसानी पर विधि–विधान के साथ संपन्न हुआ। प्रातः काल श्रद्धालुओं ने हवन कर ठाकुर लक्ष्मी नारायण के स्वरूपों की पूजा–अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह के संस्थापक कृष्ण मुरारी सर्राफ (नेताजी) एवं विशन दयाल सर्राफ ने बताया कि यह आयोजन पिछले आठ वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इसमें मथुरा ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों और प्रदेशों से भी श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस वर्ष राजस्थान, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आचार्य शशांक पाठक ने एकादशी उद्यापन के आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अनुष्ठान आत्मशुद्धि और पुण्य संचय का श्रेष्ठ माध्यम है। समारोह में मुख्य संरक्षक जयंती प्रसाद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल (स्वीटी सुपारी), रामगोपाल अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, दुर्गेश बिंदल (प्रेस वाले), अनिल अग्रवाल, राजीव मित्तल (सोनू), हर्षवर्धन (एडवोकेट), बृज बिहारी, केशव देव सर्राफ, अतुल अग्रवाल, डॉ. डी.डी. गर्ग, विजय कुमार मित्तल, दीनानाथ अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नारायण दास अग्रवाल, कृष्ण कुमार सिंघल सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

# शेरगढ़ में एआरटीओ ने वाहनों को सीज किया




**यूनिक समय, शेरगढ़ (मथुरा)।** शेरगढ़ थाना क्षेत्र में आज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप चौधरी ने उल्लंघन करने वाले वाहनों को सीज किया। बताया कि क्षेत्र में चल रहे अवैध रूप से बिना फिटनेस और बिना टैक्स जमा किए वाहनों के ऊपर कार्यवाही की गई है। इसमें कई वाहनों को सीज करके कई हजार रुपये के चालान किए गए हैं और आगे भी उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी, जिससे रोड पर चलने वाले वाहनों के कागजात फिटनेस रोड तक इंश्योरेंस जैसे कागजात पूर्ण होने जरूरी हैं।

# ब्रज सेवा फाउंडेशन की बागेश्वर धाम में सक्रिय सहभागिता



धीरेंद्र शास्त्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते ब्रज सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बागेश्वर धाम में आयोजित होने वाले सामूहिक 300 कन्या विवाह कार्यक्रम से पूर्व धाम पहुँचकर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का पारंपरिक एवं श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने धाम में चल रही कथा में सहभागिता कर धर्म, भक्ति एवं सेवा भाव का अनुभव किया। कथा श्रवण के दौरान संस्था सदस्यों ने समाज में संस्कार, नारी सम्मान एवं सनातन मूल्यों के प्रचार–प्रसार का संदेश दिया। बागेश्वर सरकार द्वारा आयोजित कन्या विवाह जैसे पावन कार्यक्रमों को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन जरूरतमंद परिवारों को नई शुरुआत का संबल प्रदान करते हैं और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। ब्रज सेवा फाउंडेशन ने भविष्य में भी धाम से जुड़े धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सक्रिय सहयोग देने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में संस्था की ओर से राहुल बंसल, नीरज तायल, तनु गर्ग, चंद्र शेखर तथा आशीष गर्ग ने सहभागिता निभाई।

# महिलाओं को वूमेन अचीवर्स अवॉर्ड से किया सम्मानित



राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को वूमेन अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित करते वृंदावन बाल विकास परिषद व अवध गोविंद फाउंडेशन के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, वृंदावन।** राष्ट्रीय महिला दिवस पर वृंदावन बाल विकास परिषद और अवध गोविंद फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मां श्यामा आश्रम पर आयोजित वूमेन अचीवर्स अवॉर्ड समारोह में महिलाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि ब्राह्मण महिला सभा की संस्थापिका प्रभा शर्मा ने कहा कि मां, बहन, पत्नी, बेटी हर रूप में महिलाएं अपने जिम्मेदारी का निर्वहन कर परिवार के साथ–साथ समाज व राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है। अध्यक्षता करते मीरा शर्मा ने कहा कि आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आज समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि स्थाई लोक अदालत मथुरा की सदस्य प्रतिभा शर्मा ने कहा कि आज भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। सम्मानित अतिथि कृष्णा कुटीर महिला आश्रय सदन की अधीक्षिका शिल्पा मुरगई ने कहा कि भारतीय संस्कृति सभ्यता और जीवन शैली हमेशा से ही महिलाओं को शक्ति के रूप में पूजने की संवाहक रही है। इससे पूर्व संयोजक अनुज गोविंद, श्वेता गोस्वामी व सृष्टि शर्मा ने नीरजा शर्मा, शिवानी चौधरी, गोपी शास्त्री, राधिका शर्मा, मीनू शर्मा, गुंजन श्रीवास्तव, सुशीला परिहार, राधिका गोस्वामी, ममता वार्ष्णेय, मीनाक्षी गौड़, वर्षा आचार्य, डॉ जमुना शर्मा, अनामिका दीक्षित, रूचि द्विवेदी, उमा देवी दाधीच, सीमा शर्मा, मल्लिका शर्मा, चयनिका अग्रवाल, माया शर्मा को वूमेन अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया।

# रमनलाल शोरावाला इंटरनेशनल स्कूल का ट्रॉफी पर कब्जा



विजेता टीम के खिलाड़ी।

## स्कूल ने नौ विकेट से जीता खिताब

## अंडर–16 क्रिकेट चैंपियनशिप का रोमांचक समापन

**खेल संवाददाता**

**यूनिक समय, रावल (मथुरा)।** रमनलाल शोरावाला इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित फर्स्ट श्री गोरी लाल गोयल मेमोरियल क्रिकेट चैंपियनशिप अंडर–16 बॉयज 2026 का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच रमनलाल शोरावाला इंटरनेशनल स्कूल, मथुरा और विद्यासागर अकादमी, राया के मध्य खेला गया। मुकाबले में मुख्य अतिथि के.आर. डिग्री कॉलेज मथुरा के प्रो. डॉ. दलवीर सिंह, मथुरा ओलंपिक एसोसिएशन के सेक्रेटरी महेंद्र राजपूत, यूपीसीए के चेयरमैन कमल चावला, स्कूल के चेयरमैन योगेंद्र गोयल तथा प्रधानाचार्य एस.के. शर्मा उपस्थित थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्यासागर अकेडमी की टीम ने 20 ओवर में 90 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रमनलाल शोरावाला इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र एक विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया और 9 विकेट से फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में पार्थ चौधरी को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि प्रिन्स को पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। हिमांशु चौधरी को बेस्ट बॉलर और भुवनेश कुमार को बेस्ट बैट्समैन घोषित किया गया। ये सभी खिलाड़ी विजेता टीम के सदस्य रहे। वहीं विद्यासागर अकेडमी की ओर से आयुष को टैलेंटेड प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच में स्कोरिंग की जिम्मेदारी जितेंद्र सिंह ने निभाई, जबकि अंपायर की भूमिका दिनेश कुमार, बॉबी सिंह और राहुल चौधरी ने संभाली।




# बकरी पालक आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीक अपनाएं



कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, कृषि एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार को स्मृति चिह्न भेंट करते केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में आयोजित 125वें ऐतिहासिक राष्ट्रीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम देशभर के बकरी पालक किसानों, उद्यमियों एवं पशुपालन से जुड़े प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, कृषि एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार ने की। संस्थान के निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉ. संजय कुमार का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। डॉ. संजय कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए। उन्होंने बकरी पालकों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक बकरी पालन तकनीकों को अपनाने की अपील की। कहा कि "बकरी ही किसान की वेलेंटाइन है," जो किसानों के लिए आय, पोषण एवं आर्थिक सुरक्षा का विश्वसनीय साधन है। उन्होंने बकरी पालन के क्षेत्र में संस्थान द्वारा किए जा रहे शोध, नवाचार एवं तकनीकी हस्तांतरण की सराहना की। संस्थान निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली ने वैज्ञानिक एवं आधुनिक बकरी पालन की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बकरी किसानों के लिए एटीएम के समान है। विभिन्न प्रशिक्षण एवं प्रसार कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी डॉ. प्रसार शिक्षा विभाग के प्रधान वैज्ञानिक ए. के. दीक्षित ने दी। संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए. के. वर्मा ने किया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में पलवल ने मथुरा को 16 रन से हराया

**खेल संवाददाता**

**यूनिक समय, राधाकुंड (मथुरा)।** राधा कृष्ण क्रिकेट क्लब की ओर से प्रेम धाम खेल मैदान बाईपास आयोजित अभय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का अंतिम फाइनल मैच पलवल–मथुरा क्रिकेट टीमों के बीच खेला गया। पलवल की टीम ने मथुरा की टीम को 16 रन से हराकर जीत दर्ज की। पलवल ने मथुरा की टीम को 16 रन से हराने पर प्रथम पुरस्कार नकद 71 हजार रुपये, ट्रॉफी विजय टीम के कप्तान सुराज कुंडू को दी।

वहीं द्वितीय पुरस्कार मथुरा टीम के कप्तान राका को 41 हजार रुपए का द्वितीय पुरस्कार दिया गया। पलवल की सूरज कुंडू, मथुरा की राका क्रिकेट क्लब के बीच 20 ओवर का फाइनल मैच खेला गया। पलवल की क्रिकेट टीम द्वारा टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया गया। पलवल की टीम द्वारा 20 ओवरों में 162 रन बनाए। मथुरा की क्रिकेट टीम के 146 रन पर सभी विकेट गिर गए। 16 रन से पलवल ने अपनी जीत दर्ज करा कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। अंपायर खेलन गौड़, अमित गोस्वामी, कंट्री राकेश कौशिक, विष्णु गोस्वामी मैन ऑफ द सीरीज सूरत कुंडू को मिली। मैन ऑफ द मैच बंटी के नाम रहा। इस मौके पर राकेश मुखिया, मानवेंद्र कौशिक, संजीव जेटली, सभासद भोला दुबे, ताराचंद शर्मा, सुरेश शर्मा, राकेश कौशिक, विष्णु गोस्वामी, तुलसी गौड़ तथा सत्यम मिश्रा आदि उपस्थित थे।



विजयी टीम को पुरस्कृत करते पदाधिकारी।

## इंडियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक में मथुरा के उद्यमी बोले

# मथुरा प्रदूषण की फिर से जांच कर टीटीजेड जोन से बाहर करने की मांग

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल एवं डिप्टी डायरेक्टर अभिषेक शर्मा के मथुरा आने पर जिले के उद्योगों एवं औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के निदान एवं प्रगति के लिए इंडस्ट्री मीट का कार्यक्रम संस्कार पब्लिक स्कूल में किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल का स्वागत आरपी सिंघल ने किया। जिले के उद्योगों एवं प्रगति के लिए अनुरोध किया गया कि जिला स्तर उद्योग बन्धु एवं मण्डल स्तर उद्योग बन्धु पर हम लोग समय–समय पर उद्योगों एवं औद्योगिक क्षेत्र की समस्यायें रखते हैं। उनका निराकरण कराने का प्रयास करते हैं। वर्तमान में भी स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग लेकर औद्योगिक क्षेत्र साइट 'ए' मथुरा के क्षतिग्रस्त मार्गों के लिए पूर्व में लगभग 14 करोड़ रुपया स्वीकृत कराया गया। क्षेत्र में आठ हाई मास्क एवं 250 लाइटें नई लगवाने के साथ पुरानी बन्द पड़ी लाइटों के साथ यूपीसीडा द्वारा कार्य शुरू कराया गया है। इससे पूर्व भी क्षेत्र में कार्य के लिए निरन्तर प्रयास किए गये। बैठक में उद्योगपति पवन चतुर्वेदी ने कहा कि जनपद ताज ट्रेपोजियम जोन के अन्तर्गत है। यहाँ औद्योगिक गैस पर सब्सिडी नहीं मिलती है जबकि आगरा एवं फिरोजाबाद में औद्योगिक गैस पर सब्सिडी उपलब्ध है। औद्योगिक प्रगति के लिए सब्सिडी दिलाना अति आवश्यक है। आरईडब्ल्यू के डायरेक्टर अजय सक्सेना ने कहा कि कई वर्षों पूर्व परीक्षण कर मथुरा जनपद को ताज ट्रेपोजियम जोन में रखा गया था उस समय की टेक्नोलोजी और वर्तमान की टेक्नोलोजी में जमीन आसमान का अन्तर है। उद्योगों में प्रयोगरत मशीन प्रदूषण रहित हैं। ऐसी स्थिति में नियमानुसार सरकार को जाँच कराकर अगर क्षेत्र प्रदूषण रहित है तो ताज ट्रेपोजियम से इसे बाहर कराना चाहिए जिससे नए उद्योग विकसित हो सकें।



इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल एवं डिप्टी डायरेक्टर अभिषेक शर्मा का स्वागत करते आरपी सिंघल, रामेन्द्र कुमार, अजय सक्सेना, बनवारी लाल अग्रवाल व आकाश सिंघल।

कोसी इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष ध्रुव पांचाल ने बताया कि यूपीसीडा द्वारा 24 रुपये प्रति वर्ग मीटर मेंटीनेन्स चार्ज उद्योगों से वसूला जा रहा है जोकि बहुत अधिक है। निगम द्वारा पूर्व निर्धारित मेंटीनेन्स चार्ज का मिलान कर वर्तमान चार्ज को कम कराया जाए। उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र में सक्रिय असमाजिक तत्वों, भू–माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर उस भूमि को जनता को गुमराह करते हुए कई रजिस्ट्रियां की गई हैं। निगम द्वारा अवगत कराया है कि सरकारी औद्योगिक 150 एकड़ से अधिक भूमि पर अवैध कब्जे हैं। सरकारी भूमि की अवैध रजिस्ट्रियां करने वाले एवं कराने वाले तथा उसमें गवाह के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही कराई जाए। अवैध कब्जों को मुक्त कराने से क्षेत्र में सैकड़ों उद्योग स्थापित होंगे। उद्यमी मोनू अग्रवाल एवं इंजीनियर आकाश सिंघल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र साइट 'बी' में भूमि का जल बहुत खारा है। इससे यहाँ उद्यमियों के साथ उनमें कार्यरत कर्मचारी एवं मजदूरों को पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है। निगम द्वारा पीने के पानी हेतू पाइप लाइन डलवाकर सप्लाई की जाए। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए निदान के लिए सम्बन्धित विभागों के उच्च अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री के संज्ञान में रखकर निराकरण करने को कहा। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने द्वारा आर पी सिंघल को मथुरा चैप्टर का कोर्डिनेटर मनोनीत किया। डिप्टी डायरेक्टर अभिषेक शर्मा का स्वागत ऋषभ सिंघल एवं अमन सक्सेना ने किया। बैठक में उमेश अग्रवाल, बनवारी लाल अग्रवाल, नीरज शुक्ला, यागवेन्द्र अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मनु टैंटीवाल, प्रयांशु अग्रवाल, रचित अग्रवाल, गोपाल सक्सेना एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य मनोज सक्सेना आदि उपस्थित थे।

# शेरगढ़ में रिजर्व बैंक का वित्तीय साक्षरता शिविर



वित्तीय साक्षरता शिविर में ग्रामीण महिलाओं को जानकारी देते अधिकारी।

## सैकड़ों ग्रामीणों को बैंकिंग और बचत की जानकारी दी गई

**यूनिक समय, शेरगढ़ (मथुरा)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय समावेशन और जागरूकता कार्यक्रम सप्ताह के तहत शिविर लगाया। शेरगढ़ के पंचायत घर में आयोजित इस वित्तीय साक्षरता और प्रशिक्षण शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। यह शिविर 9 से 13 फरवरी तक चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन और जागरूकता कार्यक्रम सप्ताह का हिस्सा है। इसका मुख्य उद्देश्य आम आदमी को बचत की समझ से जोड़कर सुरक्षित और सरल बैंकिंग सुविधाओं से अवगत कराना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर प्रचार वाहन के माध्यम से सुरक्षित बैंकिंग और विशेषकर सी–केवाईसी से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर का शुभारंभ रिजर्व बैंक और नाबार्ड के मार्गदर्शन में स्थानीय अग्रणी बैंक के सहयोग से क्रिसिल फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रतिनिधि दिगंबर ने किया। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक के रविंद्र कुमार सिन्हा, केनरा बैंक के मैनेजर राजीव कुमार, एरिया मैनेजर योगेश चंद और ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुराग त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## दिल के मरीज रहें सावधान

# हार्ट अटैक में जान बचाने वाली ‘राम–किट’ रखें साथ




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तापमान गिरने पर शरीर खुद को गर्म रखने के लिए रक्त वाहिकाओं को सिकोड़ता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और दिल को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ऐसे में पुराने दिल के मरीज, हाई बीपी या कोलेस्ट्रॉल वाले लोगों में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा ठंड में खून गाढ़ा होने की प्रवृत्ति बढ़ती है, जिससे नसों में थक्का बन सकता है।

अगर यही थक्का दिल की धमनियों को ब्लॉक कर दे, तो हार्ट अटैक की स्थिति पैदा होती है। डॉक्टरों के अनुसार दिल के मरीजों को हमेशा एक मेडिकल किट अपने पास रखनी चाहिए, जिसे आम भाषा में ‘राम-किट’ कहा जाता है। हार्ट अटैक के शुरुआती लक्षण दिखते ही इस किट में मौजूद इकोस्प्रिन 53 एमजी तथ रोसूवास्टेसिन 20 एमजी दवा लेने से इलाज मिलने तक समय मिल सकता है और मरीज की जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। यह किट घर में, ऑफिस में या यात्रा करते समय भी साथ रखी जा सकती है, क्योंकि शुरुआती मिनट सबसे अहम माने जाते हैं। हार्ट अटैक की स्थिति में

### हार्ट अटैक की स्थिति में पहला 30 मिनट ‘गोल्डन टाइम’ माना जाता है

### मरीज होश खो दे और धड़कन रुक जाए तो तुरंत सीपीआर दें

पहला 30 मिनट ‘गोल्डन टाइम’ माना जाता है।


अगर मरीज होश खो दे और सांस/धड़कन रुक जाए तो तुरंत सीपीआर दें। प्रति मिनट 100-120 बार छाती पर दबाव दें।

# योगासन करके बढ़ाएं इम्यूनिटी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अस्पताल और डॉक्टरों से दूर रहना चाहते हैं तो कुछ योगासनों के अभ्यास की आदत बना लें। ये आसन इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं और आपको लगभग हर तरीके की बीमारी से दूर करते हैं। बीमारी कोई अचानक आई आपदा नहीं होती, वह हमारी लापरवाह जीवनशैली का परिणाम होती है। देर रात तक जागना, गलत खानपान, तनाव, मोबाइल में दिमाग और आंख लगाए रखना और शरीर को बिल्कुल न चलाना, यही बीमार पड़ने का सबसे बड़ा कारण है। अगर शरीर रोज थोड़ा-सा भी अनुशासन सीख ले, तो दवाइयों की जरूरत ही नहीं पड़े। साल 2026 को अगर सच में नो डिजीज ईयर बनाना है, तो चमत्कारी उपाय बाहर नहीं, अपने शरीर के भीतर ही मौजूद हैं, योग के रूप में।

योग कोई ट्रेंड नहीं, हजारों साल पुरानी भारतीय जीवन-पद्धति है। इसमें सैकड़ों आसन हैं, लेकिन अगर आप रोज सिर्फ दो योगासन ईमानदारी से कर लें, तो इम्यूनिटी, पाचन, हार्मोन, तनाव और नींद सब अपने आप संतुलन में आने लगते हैं। अगर आप इन दो आसनों को भी नहीं कर सकते, तो बीमार पड़ने के लिए सिस्टम को दोष न दें। दवा बीमारी दबाती है, योग बीमारी की जड़ काटता है। 2026 को अस्पतालों में नहीं, सेहतमंद तरीके से बिताना है तो आज से ही इन दो योगासनों का अभ्यास शुरू कर दें। भुजंगासन- यह आसन रोगों की जड़ पर सीधा प्रहार करता है। भुजंगासन रीढ़ की हड्डी को जाग्रत करता है। यह आसन शरीर की ऊर्जा को ऊपर उठाता है और अंदर जमी सुस्ती को बाहर निकालता है। इसके अभ्यास के कई फायदे हैं जैसे, पाचन तंत्र मजबूत होता है। फेंफड़े और हृदय बेहतर काम करते हैं। कमर दर्द, गैस, एसिडिटी में राहत देता है। इम्यून सिस्टम एक्टिव होता है। भुजंगासन का अभ्यास कैसे करें? पेट के बल लेटकर हथेलियां कंधों के पास रखें। सांस लेते हुए छाती ऊपर उठाएं। नाभि जमीन से लगी रहे। 15-30 सेकंड इस मुद्रा में रुकें। वज्रासन- यह एकमात्र आसन है जो खाने के बाद भी किया जा सकता है। वज्रासन को आयुर्वेद में "पाचन का आसन" कहा गया है। यह पेट से जुड़ी लगभग हर बीमारी को धीरे-धीरे खत्म करने की क्षमता रखता है। इसके अभ्यास के फायदे हैं, गैस, अपच, एसिडिटी खत्म, डायबिटीज और मोटापा कंट्रोल, मानसिक शांति और फोकस बढ़ता है, घुटनों और पैरों में मजबूती आती है। वज्रासन का अभ्यास कैसे करें? इस आसन के अभ्यास के लिए घुटनों के बल बैठें। पंजे पीछे रहें और रीढ़ सीधी रखें। 5-10 मिनट तक इसी मुद्रा में बैठें।




# खाने से पहले रातभर पानी में जरूर भिगोएं ये चीजें



**यूनिक समय, मथुरा।** दाल, बीन्स और मोटे अनाजों को खाने से पहले पानी में जरूर भिगोकर रखना चाहिए। दरअसल, ऐसा करना फाइटिक एसिड, जिसे फाइटेट भी कहा जाता है इसे कम करने में मदद करता है। फाइटिक एसिड को कभी–कभी पोषक तत्व विरोधी कहा जाता है क्योंकि यह कुछ प्रोटीन और खनिजों जैसे आयरन, जिंक और कैल्शियम से जुड़ा होता है। इन पोषक तत्वों से बंध कर यह हमारे शरीर में उनकी अवशोषित होने की क्षमता को कम कर देता है जिससे हमें इनका फायदा नहीं मिलता।

मेथी के बीजः मेथी के बीजों को पानी में भिगोकर रखना इसका फाइबर बढ़ाता है और इसके गुणों को बढ़ाता है। साथ ही पानी में भीग जाने के बाद पेट के लिए इसे पचना आसान हो जाता है, साथ ही हमारा पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है।

पानी में भिगोकर खाएं अलसी और बादामः अलसी और बादाम आपको अगर इनमें से निकलने वाले टैनिन कंपाउंड से बचना है तो इन दोनों को भिगोकर खाएं। इसके अलावा इन दोनों को भिगोकर खाने से इसका फाइबर बढ़ता है और इसके पोषक तत्व और बढ़ जाते हैं। साथ ही इनका प्रोटीन पेट में गर्मी पैदा नहीं करता है

भिगोकर खाएं किशमिश : पानी में भिगोकर किशमिश का सेवन, शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाने में मदद कर सकता है। साथ ही ऐसा करने से इसका फाइबर बढ़ जाता है जो कि कब्ज और बवासीर के मरीजों को आराम दिलाता है। तो, इन तमाम चीजों को भिगोकर खाएं।

# इस बार हाथों पर उतारें शिव भक्ति का सबसे अनोखा अंदाज





**यूनिक समय, मथुरा।** महाशिवरात्रि नज़दीक आते ही शिव भक्तों में उत्साह साफ दिखाई देने लगता है। यह केवल व्रत और पूजा का पर्व नहीं, बल्कि शिव–शक्ति के मिलन और आध्यात्मिक ऊर्जा का उत्सव है। खासकर महिलाएं इस दिन अपने हाथों को मेहंदी से सजाकर भक्ति को एक खूबसूरत रूप देती हैं। साल 2026 में मेहंदी डिजाइनों का ट्रेंड थोड़ा बदल गया है। इस बार हैवी और जटिल पैटर्न की जगह सिंपल, सिम्बॉलिक और मिनिमल शिव आर्ट डिजाइन्स ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।

**त्रिशूल और डमरूः** सादगी में शक्तिः अगर आप सिंपल लेकिन अर्थपूर्ण डिजाइन चाहती हैं, तो हथेली के बीच त्रिशूल बनाकर उसके साथ छोटा डमरू बनाएं। त्रिशूल शक्ति और संतुलन का प्रतीक है, जबकि डमरू सृष्टि की ध्वनि का संकेत देता है। यह डिजाइन कम समय में बन जाता है और बेहद क्लासी लुक देता है।

**शिव जी पोर्ट्रेटः** हाथों पर जीवंत आस्थाः जो महिलाएं डिटेल्ड और आकर्षक डिजाइन चाहती हैं, वे भगवान का पोर्ट्रेट बनवा सकती हैं। लंबी जटाएं, गले में सर्प और माथे पर तीसरी आंख– ये सभी तत्व डिजाइन को खास बनाते हैं। कलाई के पास बेल या फूलों की बारीक कारीगरी इसे और शानदार बना देती है।

**ओम और आधा चांदः** पवित्र और ट्रेंडीः हथेली पर बड़ा "ॐ" बनाकर उसके ऊपर आधा चंद्रमा बनाना इस साल का सबसे पसंदीदा डिजाइन है। यह बेहद सरल, पवित्र और आकर्षक लगता है। उंगलियों पर छोटे–छोटे बिंदु लगाकर इसे मॉडर्न टच दिया जा सकता है।

**शिव मंडलाः** ट्रेडिशन और ट्रेंड का मेलः मंडला डिजाइन 2026 में खूब ट्रेंड कर रहा है। हथेली के बीच गोल घेरा बनाकर उसके अंदर ओम या शिव आकृति बनाएं और चारों ओर जाली पैटर्न तैयार करें। यह डिजाइन हाथ को भरा–भरा और खूबसूरत दिखाता है– मंदिर या पूजा के लिए बिल्कुल परफेक्ट।

**शिव तिलक स्टाइलः** बैक हैंड के लिए बेस्टः हाथ के पीछे तीन क्षैतिज रेखाएं (त्रिपुंड) बनाकर बीच में बिंदी लगाना आजकल काफी ट्रेंड में है। जो महिलाएं पूरी हथेली नहीं भरना चाहतीं, उनके लिए यह डिजाइन बेहतरीन विकल्प है।

**छोटा शिवलिंग और बेलपत्रः** हथेली के बीच छोटा शिवलिंग बनाकर उसके चारों ओर फूलों की डिजाइन तैयार करें। उंगलियों पर बेलपत्र की आकृति इसे पूरा करती है। यह डिजाइन सादगी, शांति और गहरी श्रद्धा का प्रतीक है।

2026 का ट्रेंड क्या कहता है? इस साल का फोकस है–मिनिमल, साफ और आध्यात्मिक डिजाइन्स। कम समय में बनने वाले ये पैटर्न न सिर्फ आपकी खूबसूरती बढ़ाएंगे, बल्कि आपकी आस्था को भी खास अंदाज में दर्शाएंगे।

यूनिक समय
मथुरा, शनिवार, 14 फरवरी 2026


## सुविचार

जिंदगी एक शिक्षक की तरह होती है जो समय समय पर सबकी परीक्षा लेती है !

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 04:01-05:05 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | उत्तराषाढ़ा | 06:16-07:48 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | | 7:00 AM | चन्द्रोदय | 05:31 AM |
| सूर्यास्त | | 6:06 PM | चंद्रास्त | 04:08 PM |
| सूर्य राशि | | कुंभ राशि | चंद्र | मकर राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 12:08PM – 12:50 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 05:23-06:11 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | | 04:43PM-06:06PM | वार | रविवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# दसवें भाव का मंगल: करियर में शक्ति भी देता है और चुनौती भी



**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिष में दसवां भाव करियर, पेशेवर पहचान, लक्ष्य, प्रतिष्ठा और सामाजिक सम्मान से जुड़ा माना जाता है। जब मंगल इस भाव में स्थित होता है, तो यह व्यक्ति के जीवन में मजबूत ऊर्जा, साहस और निर्णय क्षमता लाता है। इसकी वजह से जातक अपनी नौकरी या व्यवसाय में तेजी से आगे बढ़ सकता है और नेतृत्व की भूमिकाओं में सफल रहता है।

मंगल की सक्रियता व्यक्ति को मेहनती, ऊर्जावान और प्रतिस्पर्धी बनाती है। ऐसे लोग चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने में निडर होते हैं और कठिन लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता रखते हैं।

पेशेवर जीवन में उनकी प्रतिष्ठा भी मजबूत होती है, क्योंकि उन्हें साहसी और दृढ़ व्यक्तित्व वाला माना जाता है।

हालांकि, मंगल की तेज ऊर्जा कभी–कभी करियर के रास्ते में परेशानी भी पैदा कर सकती है। अधीरता, जल्दबाजी और क्रोध जैसे गुण पेशेवर निर्णयों में गलती करा देते हैं। सहकर्मियों और अधिकारियों के साथ विवाद भी उत्पन्न हो सकते हैं। अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के कारण टीमवर्क प्रभावित हो सकता है और मानसिक तनाव बढ़ सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इन चुनौतियों से बचने और मंगल की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में उपयोग करने के लिए कुछ सरल उपाय अपनाए जा सकते हैं। निर्णय लेने से पहले शांत मन से विचार करें और जल्दबाजी न करें। योग, ध्यान और संयम से क्रोध और तनाव पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मंगल की ऊर्जा को कठिन कार्यों और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में लगाना लाभकारी रहता है।

साथ ही, टीमवर्क पर ध्यान देने से पेशेवर संबंध मजबूत होते हैं। मंगलवार के दिन हनुमान जी या भगवान शिव की पूजा करना मंगल दोष कम करने में सहायक माना जाता है। सही संतुलन बनाकर चलें तो दसवें भाव का मंगल करियर में सफलता और सम्मान दोनों दिला सकता है।

# मृतक के मुख में गंगाजल और तुलसी दल क्यों रखा जाता है?



**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू धर्म में मृत्यु को अंत नहीं, बल्कि आत्मा की अगली यात्रा की शुरुआत माना गया है। जन्म से लेकर जीवन की अंतिम सांस तक कई संस्कार निभाए जाते हैं, जिनमें से एक है मृतक के मुख में गंगाजल और तुलसी दल रखना। यह परंपरा भारत के कई राज्यों में प्रचलित है और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अत्यंत शुभ मानी जाती है।

शास्त्रों के अनुसार, गंगाजल सभी पापों को नष्ट करने की क्षमता रखता है। गंगा को भगवान विष्णु के चरणों से उत्पन्न और शिवजी की जटाओं में निवास करने वाली देवी माना गया है। इसलिए मृत्यु के समय गंगाजल मुंह में देने से माना जाता है कि आत्मा जीवनभर के पापों से मुक्त होकर आगे की यात्रा शुरू करती है। यह जल मोक्ष की राह आसान करता है और आत्मा को शांति प्रदान करता है। तुलसी को भगवान विष्णु की प्रिय माना गया है। पुराणों में वर्णित है कि तुलसी दल के स्पर्श से ही पाप दूर होते हैं और मृत्यु के समय इसे मुंह में रखने से आत्मा बैकुंठ धाम की ओर अग्रसर होती है। तुलसी और गंगाजल दोनों के होने से यमदूत आत्मा को कष्ट नहीं पहुंचाते, बल्कि विष्णु दूत उसकी रक्षा करते हैं। कई स्थानों पर ऐसा विश्वास है कि इन दोनों के प्रभाव से आत्मा बिना किसी भय और पीड़ा के शरीर से निकल जाती है। अंतिम समय में "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" या "राधे–कृष्ण" का जप किया जाता है, जिससे आत्मा को हरि नाम का बल मिलता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार, भगवान का स्मरण अंतिम क्षणों में आत्मा के उद्धार का सबसे सरल मार्ग है। तुलसी और गंगाजल को विष्णु स्मरण का माध्यम माना जाता है, इसलिए इन्हें अंतिम संस्कार का महत्वपूर्ण हिस्सा समझा जाता है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

# गुस्सा और तनाव कम करने में बेहद प्रभावी है मोती रत्न



**यूनिक समय, मथुरा।** कई लोग छोटी–सी बात पर गुस्सा कर बैठते हैं और बाद में पछताते हैं। ज्योतिष शास्त्र में मन और भावनाओं का स्वामी चंद्र ग्रह माना गया है, और चंद्रमा का रत्न है–मोती। यह रत्न मानसिक शांति बढ़ाने और गुस्सा कम करने में बेहद प्रभावी माना जाता है। कमजोर चंद्रमा होने पर व्यक्ति बेचैनी, तनाव, ओवरथिंकिंग और अस्थिरता महसूस करता है।

ऐसे में मोती मन को संतुलन देता है और भीतर शांति लाता है। मोती पहनने से गुस्सा नियंत्रित होता है, मानसिक तनाव घटता है और मन में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। यह नींद में सुधार लाता है और व्यक्ति को धैर्यवान बनाता है। पारिवारिक व कार्यस्थल के माहौल में भी सामंजस्य महसूस होता है। ज्योतिष के अनुसार सोमवार को मोती धारण करना शुभ माना जाता है। इसे चांदी में जड़वाकर छोटी उंगली में पहनना सबसे उत्तम माना गया है। कर्क, मीन, वृश्चिक और मेष राशि के जातकों के लिए यह विशेष लाभकारी है। धारण करने से पहले रत्न की शुद्धि और कुंडली जांच अवश्य कराएं।

# गांधी इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव पर पुरस्कार वितरण

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** गोवर्धन रोड स्थित गांधी इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव अलंकार पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि यूपी के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना भैया, भागवताचार्य प्रदीप गौड़ आदि अन्य लोग शामिल हुए। पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने बच्चों को पीने के पानी को आरो प्लांट का भी उद्घाटन किया गया। प्रबंधक मेजर रामबाबू पाठक पाठक, प्रधानाचार्य वी के सारस्वत ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। अनेक मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किए गए। छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर अध्यक्ष जगदीश शर्मा, प्रो शिवराज भारद्वाज, फाल्गुन उर्फ कान्हा, सीमा रावत, वी के सारस्वत, मनीष पाराशर, आशीष शर्मा, ओमन पंडित, राजेश झा तथा हरिराम यादव आदि मौजूद थे।

## कल का राशिफल

**मेष राशि** के जातकों के लिए दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर और कार्यस्थल पर व्यस्तता बनी रहेगी, लेकिन किसी भी समस्या का हल आप सकारात्मक सोच से निकाल लेंगे। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम से इम्प्रेस होंगे और आपको तारीफ के साथ अच्छा गिफ्ट भी मिल सकता है। लव लाइफ में मधुरता आएगी। उपाय के तौर पर शिव मंदिर में 'ओम नमः शिवाय' का जाप करते हुए शहद से अभिषेक करें।

**वृष राशि** वालों के लिए आर्थिक और सामाजिक मामले लाभकारी रहेंगे। अपनी काबिलियत और मेहनत पर भरोसा रखें। रुके कार्य पूरे होंगे और परिवार में सामंजस्य बना रहेगा।

**मिथुन राशि** के जातक अपने सम्मान और मान–सम्मान को लेकर सजग रहें। बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा और व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में सफलता प्राप्त होगी। शिव चालीसा का पाठ कर बेलपत्र पर चंदन अर्पित करना लाभकारी रहेगा।

**कर्क राशि** के लिए दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में बदलाव और सुधार के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। सरकारी नौकरी कर रहे कर्मचारियों के लिए स्थानांतरण और ओवरटाइम की आमदनी में वृद्धि के योग हैं।

**सिंह राशि** वालों के लिए दिन अच्छे विचारों और नए अवसरों से भरा रहेगा। कठिन कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या राशि** के जातकों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम में तरक्की संभव होगी।

**तुला राशि** वालों को अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखने की सलाह है।

**वृश्चिक राशि** के लिए दिन लाभकारी है। व्यवसाय में नए अवसर मिलेंगे और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु राशि** के छात्रों को मेहनत करने से सफलता मिलेगी और नौकरीपेशा लोगों के लिए नए प्रोजेक्ट के योग हैं।

**मकर राशि** के लिए दिन अनुकूल रहेगा। प्रियजनों से मुलाकात होगी और पुराने विवाद सुलझेंगे।

**कुंभ राशि** के जातकों को अपने व्यवसाय और परिवार में संतुलन बनाए रखना होगा।

**मीन राशि** वालों को वरिष्ठों का मार्गदर्शन मिलेगा और महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आसानी होगी। सभी राशियों के लिए शिव आराधना और संयमित व्यवहार लाभकारी रहेगा। पंचामृत से शिवलिंग अभिषेक करने और सही उपाय अपनाने से दिन विशेष रूप से शुभ और फलदायी रहेगा।

# नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर लगाया

**यूनिक समय, मथुरा।** चौबिया पाड़ा के महौली की पौर स्थित पुष्पा अयोध्या नाथ चतुर्वेदी जन कल्याण एवं पूर्त ट्रस्ट औषधालय में कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के सहयोग से नेत्र रोगियों की सुविधा के लिए शिविर लगाया। शुभारंभ हिंदूवादी नेता गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, पूर्व सभासद बालकृष्ण पाठक, निवर्तमान पार्षद रामदास चतुर्वेदी, पार्षद श्रीमती रचना रामकिशन पाठक, पार्षद बालकृष्ण वैष्णव एवं तरूण सैनी ने श्री यमुना महारानी की छवि के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। समाजसेवी रामकिशन पाठक एडवोकेट ने बताया कि नेत्र शिविर में कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के सहयोग से वार्ड 61 व 64 व बनवखंडी क्षेत्र आदि की जनता का परीक्षण किया। लगभग पांच दर्जन लोगों ने नेत्र परीक्षण का लाभ लिया। शिविर कर्मयोगी पंडित रणछोर पाठक जी की शताब्दी वर्ष स्मृति में लगाया। शिविर मे नेत्र परीक्षण जाँच, ड्राप दवाई व चश्मा वितरण के साथ आवश्यक ऑपरेशन आदि की व्यवस्था भी रहेगी। इस अवसर पर भाजपा नगर मंत्री नितिन चतुर्वेदी, भोलेनाथ पाठक, लालबहादुर चौबे, सीताराम चौबे,राजेंद्र नाथ मोहल्लेदार, जग्गी चौबे, द्वारिकानाथ, रामकृष्ण एडवोकेट, सतीश चतुर्वेदी एडवोकेट, संजीव चतुर्वेदी, माधव चतुर्वेदी, राजू काका एवं रेनू चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# सड़कों पर 'मौत के गड्ढे' और जवाबदेही का सवाल

देशभर में सड़क सुरक्षा को लेकर बड़े–बड़े दावे किए जाते हैं। सरकारें और स्थानीय निकाय हर वर्ष सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए करोड़ों रुपये का बजट निर्धारित करते हैं, ताकि आम नागरिक सुरक्षित सफर कर सके। लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से अलग तस्वीर पेश करती है। जगह–जगह बने गड्ढे अब केवल असुविधा का कारण नहीं रहे, बल्कि वे "मौत के गड्ढे" बन चुके हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़े इस गंभीर समस्या की ओर स्पष्ट संकेत देते हैं। वर्ष 2019 से 2023 के बीच सड़कों पर गड्ढों के कारण 9109 लोगों की जान गई। औसतन प्रतिदिन छह लोगों की मौत इस वजह से होना किसी भी व्यवस्था के लिए चिंता और आत्ममंथन का विषय है। इनमें अधिकांश पीडित दुपहिया वाहन चालक रहे हैं, जो सड़क की खराब स्थिति का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतते हैं।



पवन गौतम
संपादक

प्रश्न यह है कि जब जनता से वसूले गए करों से सड़कें बनती हैं, तो वे सुरक्षित क्यों नहीं हैं? समस्या केवल निर्माण की गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, बल्कि रखरखाव की अनदेखी भी उतनी ही गंभीर है। मामूली बारिश में सड़कों का उखड़ जाना और कुछ ही महीनों में गड्ढों का उभर आना यह दर्शाता है कि कहीं न कहीं निर्माण और निरीक्षण प्रक्रिया में गंभीर खामियां हैं। ठेकेदारों को निर्धारित शर्तों के तहत सड़क की मरम्मत और गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी दी जाती है। इसके बावजूद यदि गड्ढे समय पर नहीं भरे जाते, तो यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की आशंकाएं भी इन हालात को और संदिग्ध बनाती हैं।

यह भी सच है कि कई सड़क हादसे ओवरस्पीड और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं। लेकिन जब दुर्घटना की वजह सड़क की खराब स्थिति हो, तो जिम्मेदारी सीधे संबंधित विभागों और अधिकारियों पर आनी चाहिए। हादसे के बाद जांच और कार्रवाई के दावे अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाते हैं।

राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के साथ–साथ नगर निकायों और ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता पर भी समान ध्यान दिया जाना आवश्यक है। केवल बरसात के बाद मरम्मत अभियान चलाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। सड़कों की नियमित निगरानी और त्वरित मरम्मत की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

हर जीवन अनमोल है। यदि किसी की जान लापरवाही से जाती है, तो यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता है। समय आ गया है कि सड़कों पर बने इन "मौत के गड्ढों" को भरने के साथ–साथ जवाबदेही की खाई भी भरी जाए।

## नजरिया

# टी20 विश्व कप 2026 : सीमा के पार जंग नहीं, क्रिकेट का संग्राम

जब भारत और पाकिस्तान क्रिकेट के मैदान पर आमने–सामने होते हैं, तो वह मुकाबला सिर्फ एक खेल नहीं रह जाता। वह इतिहास, भावनाओं, राजनीति, कूटनीति और राष्ट्रीय गर्व का जटिल संगम बन जाता है। 15 फरवरी को श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाला टी20 विश्व कप 2026 का भारत पाकिस्तान मुकाबला भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाने जा रहा है। बल्कि कहना गलत नहीं होगा कि इस बार रोमांच के साथ विवादों की परतें भी पहले से अधिक गहरी हैं।



टूर्नामेंट की तैयारियों के बीच जिस तरह सुरक्षा और कूटनीतिक कारणों को लेकर विभिन्न देशों के रुख सामने आए, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि उपमहाद्वीप में क्रिकेट राजनीति से पूरी तरह अलग नहीं हो सकता। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज लंबे समय से ठप हैं। दोनों टीमें केवल बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में आमने–सामने होती हैं।

इस बार भी आयोजन स्थल, सुरक्षा और मेजबानी को लेकर उठे सवालों ने माहौल को गर्म किया। अंततः व्यवस्थाएं इस प्रकार तय हुईं कि पाकिस्तान अपने मुकाबले श्रीलंका में खेले। इससे यह संदेश गया कि क्रिकेट प्रशासन को खेल और कूटनीति के बीच संतुलन साधने के लिए कितनी जटिल परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है।

क्रिकेट बोर्डों–भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड–के बीच पहले से मौजूद तनाव भी किसी से छिपा नहीं है। इसके बावजूद यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि अंततः मैच तय कार्यक्रम के अनुसार हो रहा है। यह खेल की जीत भी है और व्यावहारिक कूटनीति का उदाहरण भी। टी20 विश्व कप इतिहास में भारत का पलड़ा पाकिस्तान पर भारी रहा है। 2021 में पाकिस्तान की ऐतिहासिक जीत को छोड़ दें तो बड़े टूर्नामेंटों में भारत का रिकॉर्ड मजबूत रहा है। यह आंकड़ा सिर्फ सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक बढ़त भी बन जाता है। हालांकि, क्रिकेट की प्रकृति अनिश्चित है। एक ओवर, एक स्पेल या एक साझेदारी पूरा समीकरण बदल सकती है। यही अनिश्चितता इस मुकाबले को और रोमांचक बनाती है।

भारत इस टूर्नामेंट में एक नई पीढ़ी के साथ उतरा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी20 प्रारूप से हटने के बाद टीम संक्रमण के दौर से गुजर रही है। युवा खिलाड़ियों और अनुभवी चेहरों का मिश्रण भारतीय टीम को नई पहचान दे रहा है। दूसरी ओर पाकिस्तान के पास भी तेज गेंदबाजी और शीर्ष क्रम में दमखम है, जो किसी भी दिन मैच का रुख मोड़ सकता है।

भारत पाक मैच की सबसे बड़ी विशेषता उसका भावनात्मक आयाम है। करोड़ों दर्शक टीवी स्क्रीन, मोबाइल और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े रहते हैं। सोशल मीडिया पर बहस, मीम, विश्लेषण और समर्थन की बाढ़ आ जाती है। यह मुकाबला खिलाडियों के लिए भी असाधारण दबाव लेकर आता है। यहां हर रन, हर विकेट और हर कैच की व्याख्या राष्ट्रीय गर्व के चश्मे से की जाती है। ऐसे में संयम, मानसिक दृढ़ता और अनुभव निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यह भी सच है कि भारत पाक क्रिकेट मुकाबलों को अक्सर राष्ट्रवादी भावनाओं से जोड़ दिया जाता है। राजनीतिक बयानबाजी और मीडिया विमर्श कई बार खेल की मूल भावना पर भारी पड़ जाते हैं। सवाल यह है कि क्या क्रिकेट को केवल खेल की तरह नहीं देखा जा सकता? खेल का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के माध्यम से उत्कृष्टता हासिल करना है, न कि द्वेष को बढ़ावा देना। खिलाड़ियों ने कई मौकों पर यह साबित किया है कि मैदान के बाहर वे एक–दूसरे के प्रति सम्मान रखते हैं। यह संदेश समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है–प्रतिस्पर्धा हो, लेकिन शत्रुता नहीं।

भारत पाक मैच आईसीसी टूर्नामेंटों की सबसे बड़ी व्यावसायिक संपत्ति माने जाते हैं। विज्ञापन, प्रसारण अधिकार और प्रायोजन के लिहाज से यह मुकाबला रिकॉर्ड तोड़ दर्शक संख्या लाता है। वैश्विक स्तर पर भी यह मैच सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेल आयोजनों में शामिल होता है।

यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और प्रसारक इस मुकाबले को विशेष महत्व देते हैं। यह सिर्फ दो देशों का खेल नहीं, बल्कि वैश्विक क्रिकेट उद्योग का केंद्र बिंदु बन जाता है।

कोलंबो का आर. प्रेमदासा स्टेडियम इस ऐतिहासिक टकराव का मंच बनेगा। तटस्थ स्थल पर मैच होने से सुरक्षा और कूटनीतिक जटिलताओं का समाधान तो मिला है, लेकिन रोमांच में कोई कमी नहीं आई।

श्रीलंका जैसे क्रिकेटप्रेमी देश में यह मुकाबला होना अपने आप में प्रतीकात्मक भी है–यह दर्शाता है कि खेल सीमाओं से परे संवाद का माध्यम बन सकता है।

राजनीति, विवाद और बयानबाजी के बावजूद जब दोनों टीमें मैदान पर उतरेंगी, तो करोड़ों दिल एक साथ धड़केंगे। उस क्षण में रणनीति, कौशल और मानसिक मजबूती ही परिणाम तय करेंगे। भारत कागजों पर मजबूत दिख सकता है, पाकिस्तान के पास अप्रत्याशितता की ताकत हो सकती है–लेकिन अंतिम सच यही है कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि यह मुकाबला खेल भावना, अनुशासन और पारस्परिक सम्मान का उदाहरण बने। यदि यह मैच प्रतिस्पर्धा के साथ–साथ सौहार्द का संदेश भी दे सके, तो वह उपमहाद्वीप की जनता के लिए वास्तविक जीत होगी।

भारत पाक मुकाबले की हाइप भले ही पहले से अधिक हो, लेकिन उम्मीद यही है कि अंत में जीत खेल की भावना की हो–और क्रिकेट एक बार फिर विभाजन नहीं, जुड़ाव का माध्यम बने।

## विचार विण्डो

### ऑल इंडिया रेडियो के 100 वर्ष

# बदलते दौर में भी कायम है रेडियो का जादू

आवाज की दुनिया का सबसे भरोसेमंद माध्यम–रेडियो–भारत में अपने 100 से अधिक वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुका है। 1923 में शुरू हुए पहले प्रसारण से लेकर आज के डिजिटल और एफएम युग तक, रेडियो ने सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति बनाए रखी है।

भारत में रेडियो प्रसारण की शुरुआत 1923 में मुंबई के रेडियो क्लब द्वारा की गई थी। इसके बाद 23 जुलाई 1927 को इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने नियमित प्रसारण आरंभ किया। उस समय के वायसराय लॉर्ड इरविन ने इसका उद्घाटन किया था।

साल 1936 में दिल्ली में केंद्रीय स्टेशन की स्थापना हुई और प्रसारण सेवा को "ऑल इंडिया रेडियो" नाम दिया गया। बाद में 1957 में इसका हिंदी नाम "आकाशवाणी" रखा गया। धीरे–धीरे यह देश का सबसे बड़ा और विश्वसनीय प्रसारण नेटवर्क बन गया। 1947 में देश की स्वतंत्रता की घोषणा भी रेडियो के माध्यम से ही देशवासियों तक पहुंची। उस दौर में रेडियो राष्ट्रीय एकता और जनचेतना का महत्वपूर्ण माध्यम बना। समाचार बुलेटिनों और विशेष प्रसारणों ने लोगों को देश–विदेश की घटनाओं से जोड़े रखा।

1947 में अमेरिकी वैज्ञानिकों विलियम शॉकली, जॉन बार्डीन और वाल्टर ब्रैटन द्वारा ट्रांजिस्टर के आविष्कार ने रेडियो जगत में नई क्रांति ला दी। भारी–भरकम रेडियो सेटों की जगह छोटे ट्रांजिस्टर ने ले ली।

इस बदलाव ने रेडियो को गांव–गांव तक पहुंचा दिया। खेतों, चौपालों और घरों में रेडियो सूचना और मनोरंजन का प्रमुख साधन बन गया।



रेडियो ने कृषि, स्वास्थ्य, विज्ञान और शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण भारत को सशक्त किया। वहीं फिल्मी गीत, नाटक और विविध भारती जैसे कार्यक्रमों ने इसे घर–घर लोकप्रिय बनाया।

दृष्टिहीनों और निरक्षरों के लिए रेडियो आज भी सबसे सुलभ माध्यम माना जाता है। कम लागत और व्यापक पहुंच इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

1990 के दशक में एफएम चैनलों के आगमन से रेडियो को नई पहचान मिली। निजी एफएम स्टेशनों और आरजे संस्कृति ने युवाओं को आकर्षित किया।

इसी के साथ कम्युनिटी रेडियो स्टेशनों ने स्थानीय मुद्दों और समुदायों को अपनी आवाज देने का मंच प्रदान किया। ग्रामीण और शैक्षणिक संस्थानों में संचालित ये स्टेशन विकास संचार का प्रभावी माध्यम बने।

मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बावजूद रेडियो की उपयोगिता कम नहीं हुई है। अब रेडियो ऑनलाइन स्ट्रीमिंग और मोबाइल ऐप के माध्यम से भी उपलब्ध है। विशेषज्ञों का मानना है कि आपदा या आपातकालीन स्थितियों में रेडियो अब भी सबसे विश्वसनीय संचार माध्यम साबित होता है।

तकनीक के बदलते दौर में भी रेडियो ने खुद को समय के साथ ढाला है। एक सदी से अधिक समय की यात्रा के बाद भी रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का सशक्त और विश्वसनीय माध्यम बना हुआ है।

### 151वें पायदान से नंबर–1 तक का सफर

# पाकिस्तान से हिसाब बराबर करने उतरेंगे वरुण चक्रवर्ती



## टी20 विश्व कप 2026 में 4 साल पुरानी यादें ताजा

## इस बार अलग अंदाज में दिखेंगे मिस्ट्री स्पिनर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टीम इंडिया टी20 विश्व कप 2026 में जीत की हैट्रिक के लक्ष्य के साथ श्रीलंका पहुंच चुकी है। 15 फरवरी को कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेला जाएगा।

इस मैच पर दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें टिकी हैं, लेकिन भारतीय खेमे में एक खिलाड़ी के लिए यह मुकाबला बेहद खास होने वाला है–मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती।

चार साल पहले टी20 विश्व कप 2021 में वरुण ने पाकिस्तान के खिलाफ ही अपने विश्व कप सफर की शुरुआत की थी। वह उनका डेब्यू मैच था, लेकिन प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा। उस मुकाबले में वह एक भी विकेट हासिल नहीं कर सके। उस समय वह आईसीसी टी20 रैंकिंग में 151वें स्थान पर थे। खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और उनका अंतरराष्ट्रीय करियर लगभग ठहर सा गया। करीब तीन साल तक उन्हें भारतीय टीम में वापसी का इंतजार करना पड़ा।

हालांकि वरुण ने हार नहीं मानी। इंडियन प्रीमियर लीग में उन्होंने लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया और अपनी गेंदबाजी में निखार लाया। मेहनत रंग लाई और 2024 में उन्होंने टीम इंडिया में वापसी की। वापसी के बाद से वह भारत के सबसे भरोसेमंद मैच विनर गेंदबाजों में शामिल हो गए। एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद वह आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में नंबर–1 बने और तब से शीर्ष स्थान पर कायम हैं।

आंकड़ों पर नजर डालें तो 2024 टी20 विश्व कप के बाद से उन्होंने फुल मेंबर टीमों के खिलाफ 61 टी20कविकेट चटकाए हैं। उनकी औसत इकोनॉमी 7.30 रही है, जो इस प्रारूप में बेहद प्रभावशाली मानी जाती है। उनकी गुगली बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती साबित हुई है। 61 में से 48 विकेट उन्होंने गुगली गेंद पर लिए हैं। खासकर मध्य ओवरों में वह घातक रहे हैं और 7 से 16 ओवर के बीच लगातार विकेट निकालने में सफल रहे हैं।

अब कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मुकाबला उनके लिए केवल एक मैच नहीं, बल्कि 2021 की कसक मिटाने का अवसर है। 151वें स्थान से दुनिया के नंबर–1 गेंदबाज बनने तक का उनका सफर प्रेरणादायक रहा है और इस बार वह अपने प्रदर्शन से पुरानी यादों को बदलना चाहेंगे।







# 10 करोड़ के मानहानि मामले में पलाश मुच्छल को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** फिल्म निर्देशक और संगीतकार पलाश मुच्छल को 10 करोड़ रुपये के मानहानि मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत मिली है। यह मामला विद्यान माने द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद सामने आया था। माने ने पलाश पर 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी और निजी जीवन से जुड़े गंभीर आरोप लगाए थे। अदालत ने माने को फटकार लगाते हुए पलाश के खिलाफ सार्वजनिक बयान देने से रोक दिया है। कोर्ट का मानना है कि ऐसे आरोपों से उनकी छवि को नुकसान पहुंच सकता है। पलाश के वकील ने इसे बड़ी कानूनी राहत बताया है। मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च को निर्धारित की गई है। विद्यान माने का आरोप है कि उन्होंने पलाश की फिल्म 'नजारिया' में सह–निर्माता बनने के लिए मार्च 2025 तक 40 लाख रुपये दिए थे, लेकिन फिल्म पूरी नहीं हुई और पैसे वापस नहीं मिले। पलाश ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कानूनी नोटिस भेजा था। गौरतलब है कि हाल के दिनों में महिला

### घटना को बताया जिंदगी का सबसे शर्मनाक पल

# भरी पार्टी में शख्स को जड़ दिया थप्पड़



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में एक ऐसा किस्सा साझा किया, जिसे उन्होंने अपनी जिंदगी का सबसे बेइज्जती भरा पल बताया। यह खुलासा उन्होंने रियलिटी शो भाग्य का पहिया के एक विशेष एपिसोड में किया। इस एपिसोड में शार्क टैंक इंडिया के जज अमन गुप्ता, नमिता थापर और अनुपम मित्तल मेहमान के रूप में नजर आएंगे।

रैपिड फायर राउंड के दौरान अमन गुप्ता ने अक्षय से उनकी जिंदगी के सबसे शर्मनाक पल के बारे में पूछा। इस पर अभिनेता ने एक पुरानी घटना का जिक्रकिया। अक्षय ने बताया कि वह एक दोस्त के साथ पार्टी में गए थे, जहां एक शख्स बार–बार उनके दोस्त को अपशब्द कह रहा था।

अभिनेता के अनुसार, उन्होंने उस व्यक्ति को कई बार समझाया और गाली देने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना। लगातार चेतावनी के बावजूद जब वह नहीं रुका तो गुस्से में आकर अक्षय ने उसे जोरदार थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ लगते ही वह शख्स बेहोश होकर गिर पड़ा, जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

अक्षय ने कहा कि यह देखकर वह खुद भी घबरा गए थे। उन्हें लगा कि कहीं मामला गंभीर न हो जाए और उनके करियर पर असर न पड़े। उन्होंने तुरंत उस व्यक्ति पर पानी डाला और मन ही मन प्रार्थना करने लगे कि उसे होश आ जाए। कुछ देर बाद जब वह शख्स उठ बैठा तो अक्षय ने राहत की सांस ली।

अभिनेता ने स्वीकार किया कि किसी को थप्पड़ मारना उनकी बड़ी गलती थी और वही पल उनके लिए सबसे ज्यादा शर्मिंदगी वाला रहा। उन्होंने कहा कि अब वह ऐसे हालात में प्रतिक्रिया देने के बजाय वहां से चुपचाप निकल जाना बेहतर समझते हैं।

# पहली वैक्सीन पर रो पड़ा नन्हा यशवीर, बेटे का दर्द देख भावुक हुईं भारती सिंह



## टीकाकरण के दौरान हर्ष ने संभाला खुद को, मां बोलीं– बच्चे को तकलीफ में देखना सबसे कठिन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कॉमेडी जगत की लोकप्रिय कलाकार भारती सिंह इन दिनों अपने छोटे बेटे यशवीर उर्फ काजू को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में दो महीने के काजू को उसकी पहली वैक्सीन लगाई गई। इस दौरान बेटे को दर्द में रोता देख भारती खुद को संभाल नहीं सकीं और भावुक हो गईं। भारती और उनके पति हर्ष लिम्बाचिया ने दिसंबर 2025 में अपने दूसरे बेटे का स्वागत किया था। टीकाकरण के लिए जब काजू को अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टर ने दोनों पैरों में इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही काजू जोर–जोर से रोने लगा। बेटे की यह हालत देख भारती की आंखों से आंसू निकल पड़े और वह कुछ देर के लिए डॉक्टर के केबिन से बाहर आ गईं। अपने व्लॉग में भारती ने बताया कि मां बनने के बाद यह सबसे मुश्किल पल था, जब उन्होंने अपने बच्चे का दर्द इतने करीब से महसूस किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मां के लिए अपने बच्चे को तकलीफ में देखना बेहद कठिन होता है।

वहीं हर्ष पूरे समय शांत रहे और डॉक्टर की मदद करते नजर आए। भारती ने पति की सराहना करते हुए कहा कि कठिन समय में हर्ष ही उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बड़े बेटे लक्ष्य उर्फ गोला का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है, ताकि उसे किसी तरह की कमी महसूस न हो।

### कुछ दिन क्रिकेट से दूर रहेंगे वैभव सूर्यवंशी

# अंडर–19 के हीरो अब देंगे 10वीं की बोर्ड परीक्षा



## 17 फरवरी से सीबीएसई की परीक्षा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अंडर–19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन से सुर्खियों में आए युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब क्रिकेट मैदान से कुछ दिनों के लिए दूरी बनाएंगे। 17 फरवरी से वह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की परीक्षा में शामिल होंगे। हाल ही में उन्होंने भारत को अंडर–19 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी और फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ यादगार पारी खेली थी। सीबीएसई ने उनका एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। वैभव समस्तीपुर जिले के ताजपुर क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल के छात्र हैं। परीक्षा के लिए उनका केंद्र पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल बनाया गया है, जहां वह अन्य विद्यार्थियों की तरह परीक्षा देंगे। व्यस्त क्रिकेट शेड्यूल और अंतरराष्ट्रीय दौरों के बीच पढ़ाई के लिए समय निकालना उनके लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है। स्कूल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वैभव को किसी प्रकार की विशेष सुविधा नहीं दी जाएगी। पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल नील किशोर सिन्हा ने कहा कि जैसे अन्य परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, वैसे ही वैभव भी सामान्य छात्र की तरह परीक्षा में शामिल होंगे। हालांकि, सुरक्षा के मद्देनजर सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्र के कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है और पूरी निगरानी रखी जाएगी। गौरतलब है कि अंडर–19 विश्व कप के फाइनल में वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ 80 गेंदों पर 175 रन की विस्फोटक पारी खेली थी, जिसमें 15 छक्के शामिल थे। इस प्रदर्शन के बाद उन्हें भारतीय क्रिकेट का भविष्य माना जा रहा है।

अब सबकी नजर इस बात पर है कि क्रिकेट पिच पर धमाल मचाने वाला यह युवा खिलाड़ी बोर्ड परीक्षा में भी उतना ही आत्मविश्वास दिखा पाता है या नहीं। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह आईपीएल 2026 की तैयारियों में जुटेंगे, जहां वह राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा हैं।

### जनता दर्शन में सख्त संदेश

# गलत जांच रिपोर्ट पर दर्ज हो एफआईआर :सीएम योगी

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी मामले में गलत जांच रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए, लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। जमीन कब्जा, पुलिस जांच, आर्थिक सहायता और प्रशासनिक लापरवाही से जुड़े कई मामले सामने आए। कुछ फरियादियों ने आरोप लगाया कि उनके मामलों में जानबूझकर गलत रिपोर्ट लगाई गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत जांच कर दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीएम योगी ने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी स्तर पर प्रकरण को जानबूझकर लंबित रखा गया है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत सख्त कदम उठाने को भी कहा गया।

जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों को अस्पताल का इस्टीमेट शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से मुलाकात कर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और स्नेहपूर्वक चॉकलेट वितरित की। इसके बाद मंदिर परिसर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा भी की। उन्होंने गायों को अपने हाथों से गुड़ खिलाया और पारंपरिक दिनचर्या का पालन किया।

### आगरा मेट्रो निर्माण के दौरान बड़ा हादसा

# क्रेन गिरने से शराब का ठेका व मकान क्षतिग्रस्त




**यूनिक समय, आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शनिवार को मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। प्रतापपुरा क्षेत्र में खुदाई कर रही करीब 25 फीट ऊंची भारी–भरकम क्रेन अचानक असंतुलित होकर पास स्थित शराब के ठेके और एक मकान पर जा गिरी। हादसे के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई, हालांकि परिवार के लोग बाल–बाल बच गए। घटना एमजी रोड स्थित देवीराम हलवाई के पास की है। जानकारी के अनुसार, क्रेन खुदाई कार्य में लगी थी, तभी उसका एक पहिया जमीन में धंस गया। संतुलन बिगड़ने से मशीन करुणा नगर निवासी प्रभुकांत नागर के मकान पर गिर पड़ी। मकान के आगे की ओर शराब का ठेका संचालित होता है, जबकि पीछे परिवार रहता है। क्रेन सीधे ठेके की छत पर गिरी, जिससे दुकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त घर के पीछे वाले हिस्से में परिवार के सदस्य सो रहे थे। अचानक तेज धमाका हुआ, जिससे वे घबरा कर बाहर निकले। बाहर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस और मेट्रो परियोजना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एहतियातन मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों पर सवाल उठाए हैं।

# रायबरेली में घर में आग के बाद जोरदार धमाका, महिला की मौत; तीन झुलसे

**यूनिक समय, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में शुक्रवार रात एक घर में आग लगने के बाद हुए तेज धमाके से हड़कंप मच गया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना सलोन क्षेत्र के साहबगंज बाजार की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पटाखा लाइसेंसधारी फिरोज के घर में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और इसी दौरान जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत–बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में फिरोज की मां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घर में मौजूद तीन अन्य लोग आग की चपेट में आकर झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।



अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि घर में रखे पटाखों या ज्वलनशील सामग्री के कारण आग ने तेजी से फैलकर विस्फोट का रूप ले लिया। हालांकि, वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने कहा है कि यदि किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग सुरक्षा मानकों की सख्ती से जांच की मांग कर रहे हैं।

### एसटीएफ की कार्रवाई

# एसएससी एमटीएस परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



**यूनिक समय, मेरठ।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ मेरठ यूनिट और उत्तराखंड एसटीएफ ने संयुक्त अभियान में एसएससी एमटीएस परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई देहरादून के कोतवाली क्षेत्र में की गई, जहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीतीश कुमार (निवासी देवरिया, उत्तर प्रदेश) और भास्कर नैथानी (निवासी देहरादून, उत्तराखंड) के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि गिरोह एसएससी की एमटीएस भर्ती परीक्षा के दौरान महादेव डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र पर मास्टर कंप्यूटर के जरिए हैकिंग कर अभ्यर्थियों को नकल करा रहा था। इसके लिए लोकल नेटवर्किंग और प्रॉक्सी सर्वर सेटअप कर रिमोट एक्सेस के माध्यम से परीक्षा प्रणाली में हस्तक्षेप किया जा रहा था।

छापेमारी के दौरान मौके से चार मोबाइल फोन, दो लैपटॉप और एक इंटरनेट राउटर बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि परीक्षा पास कराने के एवज में मोटी रकम वसूली जाती थी। पुलिस और एसटीएफ की टीमें इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हैं। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। एसटीएफ ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# संजय निषाद का अखिलेश यादव पर तंज

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में बयानबाज़ी का दौर जारी है। प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जो नेता सत्ता से बाहर हैं और केवल बयानबाज़ी व पोस्टरबाज़ी तक सीमित रह गए हैं, उनके बारे में क्या कहा जाए। लखनऊ में मीडिया से बातचीत के दौरान संजय निषाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलता है और संवैधानिक व्यवस्था के तहत सभी धर्मों और धार्मिक परंपराओं को सुरक्षा प्रदान की गई है। सरकार संतों, महात्माओं और धार्मिक संस्थाओं का सम्मान करती है, यह सभी जानते हैं। अखिलेश यादव के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि सत्ता में रहते हुए किसने कितना सम्मान दिया, यह जनता भली–भांति जानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास ठोस मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वह केवल बयान देकर सुर्खियां बटोरने की कोशिश कर रहा है। संजय निषाद ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था और विकास के मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है, जबकि विपक्ष केवल आलोचना की राजनीति कर रहा है। उनके इस बयान के बाद प्रदेश की सियासत में एक बार फिर बयानबाज़ी तेज हो गई है।

# किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस का एलान: 17 फरवरी को विधानसभा घेराव

**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने घोषणा की कि किसानों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस 17 फरवरी को विधानसभा का घेराव करेगी।



अजय राय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नई नीतियां किसानों के हितों के खिलाफ हैं। उनके मुताबिक, नए कानूनों के जरिए किसानों की जमीन छीनने की कोशिश की जा रही है और प्रशासनिक स्तर पर उनका उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसका हर स्तर पर विरोध करेगी। किसानों तक पहुंच बनाने के लिए पार्टी ने 'किसान अधिकार गांव संवाद' अभियान शुरू किया है। इसके तहत किसान कांग्रेस के पदाधिकारी गांव–गांव जाकर किसानों को जागरूक करेंगे और उन्हें सरकार की नीतियों के बारे में जानकारी देंगे। अजय राय ने कहा कि यह अभियान व्यापक जनसमर्थन के साथ चलाया जाएगा।

प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी निशाना साधा। शंकराचार्य से जुड़े मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जैसे योगी आदित्यनाथ को उनके गुरु ने पीठ सौंपी, उसी प्रकार शंकराचार्य का मनोनयन भी परंपरा के तहत हुआ है। इस पर सवाल उठाने से पहले सरकार को आत्ममंथन करना चाहिए। अजय राय ने वाराणसी के विकास कार्यों पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार शहर की मूल पहचान को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों और आम जनता के मुद्दों पर सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

### जमानत मामलों से खुद को अलग करने का अनुरोध

# सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से आहत जस्टिस पंकज भाटिया

**यूनिक समय, इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊपीठ के न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने अपने एक जमानत आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी के बाद मुख्य न्यायमूर्ति से अनुरोध किया है कि उन्हें जमानत याचिकाएं सुनने का कार्य न सौंपा जाए। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी से उनका मनोबल प्रभावित हुआ है।



दरअसल, दहेज हत्या के एक मामले में न्यायमूर्ति भाटिया की एकल पीठ ने आरोपी को जमानत दी थी। इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जहां शीर्ष अदालत ने जमानत आदेश को निरस्त करते हुए तीखी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह हाल के समय में देखे गए सबसे निराशाजनक आदेशों में से एक है और सवाल उठाया कि हाईकोर्ट ने अपने विवेक का इस्तेमाल कहां किया। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि केवल बचाव पक्ष की दलीलों और अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई गई अवधि के आधार पर जमानत देना उचित नहीं ठहराया जा सकता।

इस टिप्पणी के बाद न्यायमूर्ति भाटिया ने एक अन्य जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान मामले को किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि किसी भी न्यायाधीश के आदेश को उच्च अदालत द्वारा निरस्त किया जाना असामान्य नहीं है, लेकिन इस मामले में की गई टिप्पणी मनोबल गिराने वाली रही। न्यायिक हलकों में इस घटनाक्रम को गंभीरता से देखा जा रहा है, क्योंकि यह न्यायिक स्वतंत्रता और जवाबदेही के संतुलन से जुड़ा विषय है।

## सार संक्षेप

### जेनेवा में रूस-यूक्रेन शांति वार्ता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता का अगला दौर 17–18 फरवरी को जेनेवा में होगा। 2022 से जारी युद्ध समाप्त करने के प्रयासों के तहत यह बैठक बुलाई गई है। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि बातचीत जारी रहेगी, लेकिन रूस अपनी सुरक्षा चिंताओं से समझौता नहीं करेगा। अब तक कई दौर की वार्ता बेनतीजा रही है।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसा, चार की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के तीन जवानों समेत चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जवान जगदलपुर से रायपुर जा रहे थे, तभी धमतारी के पास उनकी गाड़ी कार से टकरा गई। दो लोगों की मौके पर मौत हुई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा। एक घायल का इलाज जारी है।

### जयपुर में भीषण सड़क दुर्घटना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जयपुर के चाकसू क्षेत्र में टोंक रोड पर कार पीछे से ट्रक में जा घुसी, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। कार जयपुर से टोंक जा रही थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नरेंद्र मोदी का असम दौरा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम दौरे पर डिब्रूगढ़ पहुंचे। उनका विमान मोरान बाईपास की आपातकालीन लैंडिंग पट्टी पर उतरा। उन्होंने एरियल डिस्प्ले का अवलोकन किया और ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का दौरा करेंगे। गुवाहाटी में 5450 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

### दिल्ली में तेज रफ्तार कार से मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली के गाजीपुर इलाके में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर फुटपाथ पर पलट गई। हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई। मृतक पश्चिम बंगाल के 24 परगना के निवासी थे। कार में पांच युवक–युवतियां सवार थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेलंगाना के भुवनगिरी में फैक्ट्री में आग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** यादाद्री भुवनगिरी जिले के एलागिरी क्षेत्र की एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि दो रिएक्टरों में विस्फोट के बाद आग पूरे परिसर में फैल गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। नुकसान का आकलन किया जा रहा है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।

# मुंबई में निर्माणाधीन मेट्रो पिलर का हिस्सा गिरा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई के मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जब निर्माणाधीन मेट्रो पिलर का एक हिस्सा अचानक टूटकर नीचे गिर पड़ा। यह घटना करीब 12 बजकर 20 मिनट पर जॉनसन गार्डन क्षेत्र के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिलर का भारी कंक्रीट स्लैब नीचे सड़क पर खड़ी गाडियों और एक चलती ऑटो रिक्शा पर आ गिरा, जिससे अफरा–तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस दौरान एक ऑटो रिक्शा वहां से गुजर रही थी। पिलर का हिस्सा सीधे ऑटो पर गिरने से उसमें सवार तीन से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा पास में खड़ी एक निजी कार भी इस दुर्घटना की चपेट में आ गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। घटना की सूचना मिलते ही मुंबई फायर

### ऑटो सवार कई लोग घायल

ब्रिगेड, पुलिस टीम, मेट्रो परियोजना से जुड़े कर्मचारी, बीएमसी अधिकारी और 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंच गए। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद पुलिस ने इलाके को घेरकर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया, ताकि राहत और बचाव कार्य में कोई बाधा न आए। मौके से मलबा हटाने का काम तेजी से किया गया। फिलहाल संबंधित एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं। प्रारंभिक जांच में लापरवाही की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# खेलो दिल्ली–दिल्ली खेल महाकुंभ का भव्य उद्घाटन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजधानी में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से 'खेलो दिल्ली – दिल्ली खेल महाकुंभ' का भव्य शुभारंभ हुआ। रेखा गुप्ता ने छत्रसाल स्टेडियम में उद्घाटन करते हुए कहा कि यह केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों और संभावनाओं का महोत्सव है। एक माह तक चलने वाले इस आयोजन में 17 स्टेडियमों पर प्रतियोगिताएं होंगी और 30,000 से अधिक खिलाडियों को जोड़ने का लक्ष्य है। आधिकारिक मैस्कॉट 'रनवीर' का भी अनावरण किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार खिलाडियों को बेहतर मंच और संसाधन देने के लिए प्रतिबद्ध है। नई खेल नीति के तहत ओलंपिक स्वर्ण पदक पर 7 करोड़, रजत पर 5 करोड़

### 17 स्टेडियम में एक माह तक खेलों का महापर्व

और कांस्य पर 3 करोड़ देने का प्रावधान है। अब तक लंबित पुरस्कारों में लगभग 33 करोड़ खिलाड़ियों को वितरित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में 1,000 से अधिक खिलाड़ियों ने मार्च–पास्ट किया। ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया, क्रिकेटर शिखर धवन और पैरा एथलीट शरद कुमार को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।

एथलेटिक्स, फुटबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी और स्क्रैश सहित सात खेलों में मुकाबले होंगे। महिला खिलाडियों की भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार का लक्ष्य दिल्ली को देश की स्पोर्ट्स कैपिटल के रूप में स्थापित करना है।

### इंदौर लूटकांड: दो कांस्टेबल बर्खास्त जेल भेजे गए

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के इंदौर में कारोबारी से लूट के मामले में दो पुलिस कांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त कर जेल भेज दिया गया।

डीसीपी जोन–2 कुमार प्रतीक ने बताया कि एमआईजी थाने में पदस्थ आरक्षक अविनाश चंद्रवंशी और मनोज मालवीय पर विभागीय जांच के बाद कार्रवाई की गई।

आरोप है कि दोनों ने अपने साथियों सोहेल और नावेद के साथ मिलकर अब्दुल फहद नामक व्यापारी से करीब 2 लाख रुपये नकद और 4500 यूएसडीटी जबरन ट्रांसफर कराए। कोर्ट ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि अनुशासन से समझौता नहीं होगा और जांच जारी है।

### बांग्लादेश में चुनाव बाद हिंसा

# बीएनपी छात्र इकाई पर कैंपस कब्जे के आरोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव के नतीजों के बाद एक बार फिर राजनीतिक हिंसा और छात्र राजनीति में उथल–पुथल तेज हो गई है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत के बाद उसकी छात्र इकाई जतियोताबादी छात्र दल पर आरोप है कि उसने कई विश्वविद्यालयों के कैंपस और हॉस्टलों पर कब्जा कर लिया है और अन्य दलों के समर्थक छात्रों को जबरन बाहर निकाला है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र दल के कार्यकर्ताओं ने विरोधी विचारधारा से जुड़े छात्रों के कमरों पर ताले लगा दिए, उनका सामान बाहर फेंक दिया और विरोध करने वालों के साथ मारपीट की। खासतौर पर जमात–ए–इस्लामी और अन्य छोटे संगठनों से जुड़े छात्रों को निशाना बनाए जाने की खबरें हैं। घटनाएं देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों– ढाका विश्वविद्यालय,राजशाही विश्वविद्यालय और जहांगीरनगर विश्वविद्यालय– में सामने आई हैं। छात्रों का कहना है कि चुनावी नतीजों के बाद कैंपस में सत्ता संतुलन बदलने की कोशिश की जा




रही है। एक छात्र ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उन्हें रातों–रात हॉस्टल खाली करने के लिए मजबूर किया गया। बीएनपी नेतृत्व ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि कैंपस में "सुरक्षा और व्यवस्था" बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए हैं। पार्टी प्रवक्ताओं का कहना है कि पिछले शासनकाल में छात्र लीग ने परिसर में दबाव की राजनीति की थी और अब शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, जमात–ए–इस्लामी की छात्र इकाई ने इन कार्रवाइयों को "फासीवादी" करार देते हुए विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

कई जगहों पर स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। झड़पों में दर्जनों छात्रों के घायल होने की खबर है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल छात्र संगठनों के बीच टकराव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति का कैंपस पर सीधा असर है। फरवरी 2026 के चुनाव में बीएनपी को 212 सीटों के साथ बहुमत मिला, जबकि जमात–ए–इस्लामी को 76 सीटें हासिल हुईं, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव और बढ़ गया है। लगातार हो रही घटनाओं से शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। कई विश्वविद्यालयों में परीक्षाएं स्थगित करने की मांग उठ रही है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी हालात पर चिंता जताई है और सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

# असम के डिब्रूगढ़ में इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर उतरे पीएम मोदी







**यूनिक समय, नई दिल्ली।** असम के डिब्रूगढ़ में मोरन बाईपास पर बनी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सी–130जे सुपर हरक्यूलिस विमान उतरा। यह पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली सुविधा है और इसे सामरिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी के विमान की सफल लैंडिंग के बाद यहां फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टरों ने हवाई प्रदर्शन भी किया। यह इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी असम के डिब्रूगढ़ जिले में मोरन बाईपास पर विकसित की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन सीमा के नजदीक होने के कारण यह एयरस्ट्रिप सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है। आपातकाल या युद्ध जैसी परिस्थितियों में यह सुविधा सेना और नागरिक विमानों को वैकल्पिक रनवे उपलब्ध कराएगी। क्या है इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी? ईएलएफ यानी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी एक विशेष रूप से तैयार हाईवे स्ट्रिप होती है, जिसे जरूरत पड़ने पर रनवे के रूप में इस्तेमाल

### पूर्वोत्तर की पहली ईएलएफ का हुआ ऐतिहासिक शुभारंभ

किया जा सकता है। यहां लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर सुरक्षित रूप से लैंडिंग और टेक–ऑफ कर सकते हैं। यह सुविधा 40 टन तक के फाइटर विमान और 74 टन तक के अधिकतम टेक–ऑफ वजन वाले परिवहन विमानों को संभालने में सक्षम है। देश में कहां–कहां हैं ईएलएफ देशभर में कुल 28 इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी विकसित करने की योजना है। राजस्थान के बाड़मेर (राष्ट्रीय राजमार्ग–925ए) उत्तर प्रदेश का आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, ओडिशा के बालासोर (राष्ट्रीय राजमार्ग–16) आंध्र प्रदेश के नेल्लोर (राष्ट्रीय राजमार्ग–16) ।

### भोपाल में सनसनीखेज हत्याकांड

# इंस्टाग्राम से शुरू हुआ प्रेम, सेप्टिक टैंक में मिला सिया का सड़ा हुआ शव

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। निशातपुरा इलाके में एक खाली प्लॉट के सेप्टिक टैंक से 33 वर्षीय महिला का सड़ा–गला शव बरामद हुआ, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की रहने वाली अशरफी उर्फ सिया के रूप में हुई है। पुलिस जांच में प्रेम संबंध, विवाद, ब्लैकमेल और हत्या की एक खौफनाक कहानी सामने आई है।



बताया जा रहा है कि करीब एक साल पहले सिया की मुलाकात इंस्टाग्राम पर समीर नामक युवक से हुई थी। सामान्य बातचीत से शुरू हुआ यह रिश्ता जल्द ही प्रेम प्रसंग में बदल गया। तीन महीने पहले सिया अपना घर छोड़कर भोपाल आ गई और समीर के साथ रहने लगी। उसे यह नहीं पता था कि समीर पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। जब सिया को समीर की शादी का पता चला तो दोनों के बीच तनाव बढ़ने लगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सिया शादी के लिए दबाव बना रही थी। आरोप है कि समीर के इनकार करने पर उसने पांच लाख रुपये की मांग की और कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। इस विवाद के कारण घर का माहौल तनावपूर्ण हो गया था। समीर की पत्नी कथित तौर पर बच्चों को लेकर जबलपुर स्थित मायके चली गई थी।

पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम दोनों के बीच तीखी बहस के बाद समीर ने कथित तौर पर सिया का गला घोंट दिया। इसके बाद उसने सबूत मिटाने के लिए अपने भाई, मां और बहन की मदद से शव को लोहे के बक्से में बंद किया और घर के पास एक खाली प्लॉट में बने सेप्टिक टैंक में फेंक दिया। गुरुवार शाम पास में खेल रहे बच्चों ने बदबू की शिकायत की। स्थानीय लोगों ने टैंक में तैरता बक्सा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बक्सा बाहर निकलवाया तो अंदर सिया का सड़ा हुआ शव मिला।

शव की हालत बेहद खराब थी, जिससे स्पष्ट चोट के निशान नजर नहीं आ रहे थे। हालांकि, हाथ पर बने दीपक के टैटू और "26 मई 1992" लिखी जन्मतिथि से उसकी पहचान की गई। निशातपुरा थाना पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में गला घोंटकर हत्या की आशंका है। मुख्य आरोपी समीर फिलहाल फरार है। पुलिस ने शव को ठिकाने लगाने में मदद के आरोप में उसके भाई, मां और बहन को गिरफ्तार कर लिया है। समीर की पत्नी से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद हत्या के मकसद और पूरी साजिश का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है।

### कान्हा की नगरी हुई शिवमय

# महाशिवरात्रि पर देवालयों में सजेंगे फूल बंगला, छप्पन भोग



मथुरा स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए कावड़ियों की भीड़।

## कल शाम चार बजे निकलेगी शिव बारात

## वृंदावन से मथुरा तक बम-बम भोले की गूंज

**यूनिक समय, मथुरा/फरह।** महाशिवरात्रि भले ही कल हो, कान्हा की नगरी आज से ही शिव मय दिखाई दी। वृंदावन से लेकर मथुरा तक बम-बम भोले की गूंज सुनाई दे रही थी। गंगाजी से गंगाजल लेकर आ रहे कावड़ियों ने यमुना पार कर वृंदावन में प्रवेश किया। फिर गोपेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। उसके बाद उनके कदम मथुरा की ओर चल पड़े। यहां भूतेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। कल सभी छोटे से लेकर बड़े शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त उमड़ेंगे। महाशिवरात्रि पर महादेव के देवालयों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फूल बंगला और छप्पन भोग सजेंगे। शिव की बारात निकलेगी और रात्रि में रसिया दंगल के अलावा शिव लीला पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कस्बा स्थित प्राचीन वनखंडी महादेव मंदिर की सेवा समिति के पदाधिकारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का फूल बंगला और छप्पन भोग सजाए जाएंगे। शाम पांच बजे से श्रद्धालु झांकी और छप्पन भोग के दर्शन करेंगे। रात्रि में नौ बजे से रसिया दंगल का आयोजन होगा, जिसमें अखाड़ा बीके मधुआ राया और अखाड़ा सत्तो शर्मा आटे वाले के मध्य रसिया का मुकाबला होगा। वहीं, थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर छप्पन भोग और फूल बंगला सजाया जाएगा, शिव बारात भी निकाली जाएगी। पदाधिकारियों ने बताया कि महाशिवरात्रि पर शाम चार बजे शिव बारात निकाली जाएगी। मंदिर परिसर में शिव की लीलाओं का आयोजन होगा, छप्पन भोग भी सजा जाएंगे।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा, मथुरा का द्वितीय अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न



द्वितीय अधिष्ठापन समारोह में उपस्थित पदाधिकारी।

यूनिक समय, मथुरा। जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वसुधा (फेडरेशन-5, यूनिट-10) का द्वितीय अधिष्ठापन समारोह शनिवार को हीरा क्रिस्टल में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, क्लब सदस्यों एवं विशिष्ट अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह में श्रीमती मीरा अग्रवाल ने चार्टर प्रेसिडेंट के रूप में तथा श्रीमती मीनल बंसल ने वर्ष 2026 की प्रशासन निदेशक के रूप में विधिवत शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि मुकेश अग्रवाल (सदस्य, केंद्रीय समिति, जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन) ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए नई कार्यकारिणी को समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि राजेश बजाज एवं विपिन मित्तल (अध्यक्ष, फेडरेशन-5) ने भी संगठन की उपलब्धियों की प्रशंसा की। अधिष्ठापन अधिकारी जुगल किशोर अग्रवाल ने नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में श्वेता बंसल, बबीता गर्ग, रुचि गुप्ता सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। मंच संचालन कल्पना गर्ग एवं नमिता सिंह ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन एवं स्नेह भोज के साथ समारोह का समापन हुआ।

## जैंत के वृन्दा पथ पर मौनी बाबा की तपोस्थली में बिराजे खाटू नरेश



**यूनिक समय, जैंत (मथुरा)।** पर्यटन ग्राम जैंत में खाटू वाले श्याम के प्रति बढ़ती आस्था ने लिख दिया एक नया अध्याय। बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल पौराणिक जय कुंड पर आने वाले तीर्थ यात्री अब खाटू श्यामजी का दीदार कर सकेंगे। विजया एकादशी पर आयोजित इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी रहे जिला पंचायत सदस्य डॉ. शर्मिला धनगर के प्रतिनिधि पीयूष धनगर, ग्रामीण पर्यटन परियोजना के जिला कोर्डिनेटर प्रकाश सिंह, विलेज कोर्डिनेटर सी.पी. बृजवासी, आचार्य भगवत स्वरूप, गिर्राज महाराज, आशीष चतुर्वेदी, प्रहलाद सिंह धनगर, संजय प्रधान, उदयवीर सिंह धनगर, सूरजमल धनगर, मलुआ राम, प्रताप सिंह, रघुवीर सिंह, पुरूषोत्तम गौतम, मोहन सिंह (मूला भगतजी), तेजपाल सिंह आदि श्याम भक्त।

## राधारानी की तीन वन परिक्रमा में दिखा आस्था और भक्ति का संगम

**यूनिक समय, मांट (मथुरा)।** राधा रानी तीन वन परिक्रमा का 17वां सोपान शनिवार को संपन्न हो गया। पिछले 26 महीनों से लगातार चल रही इस परिक्रमा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बंसीवट के संत वृंदावन दास महाराज के सानिध्य में यह परिक्रमा शनिवार सुबह नौ बजे तहसील मुख्य द्वार से शुरू हुई। मांट से चलकर परिक्रमा सीधे राधारानी मानसरोवर पहुंची। रास्ते में गांव भीम में ग्रामीणों ने परिक्रमा का स्वागत किया और बाल भोग वितरित किया। इसके बाद परिक्रमा बेलवन स्थित महालक्ष्मी मंदिर पहुंची, जहां भोजन प्रसादी के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में नृत्य और गायन किया। वृंदावन दास महाराज ने बताया कि कुछ लोगों के साथ शुरू हुई इस परिक्रमा में अब एक हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि तीन वन की परिक्रमा से चौरासी कोस परिक्रमा का पुण्य मिलता है। परिक्रमा में शामिल वरिष्ठ अधिवक्ता मथुरेश नारायण ने कहा कि वे लोग सौभाग्यशाली हैं जो इस परिक्रमा का हिस्सा बने हैं।

## साईं कृपा प्रेरणा एजुकेशन ने बच्चों को वितरित की खाद्य सामग्री व किताबें



बच्चों को सामग्री वितरित करती डॉ नीता सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** साईं कृपा प्रेरणा एजुकेशन द्वारा बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए खाद्य सामग्री एवं किताबों का निःशुल्क वितरण किया गया। यह सेवा कार्य टेलीफोन एक्सचेंज के पास ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में संस्था के सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गरीब और जरूरतमंद बच्चों को अध्ययन सामग्री व खाद्य सामग्री प्रदान की, जिससे वे अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर कार्यक्रम का उद्देश्य सार्थक होता नजर आया। संस्था का मानना है कि समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों के साथ खुशियाँ बांटना ही सच्ची मानवता है। इस सेवा कार्य में सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। संस्था की सचिव डॉ. नीता सिंह एवं अध्यक्ष सुधा ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी समाज हित में ऐसे सामाजिक एवं शैक्षिक सेवा कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे।

### सोरों से कांवड़ में गंगाजल लेकर कांवड़ियों के टोल बढ़ रहे मंजिल की ओर

# कंधे पर कांवड़, मुख पर बम-बम भोले



कस्बा से निकल रहे कांवड़ियों की कांवरों को झूलाते स्थानीय श्रद्धालु।



राया से होकर महिलाएं कावड़ लेकर जाती हुई।

**यूनिक समय, फरह/ राया (मथुरा)।** शोरूम स्थित लहरा गंगा घाट से कावड़ में गंगाजल भरकर निकले कांवरिया मंजिल की ओर बढ़ने लगे हैं। कावड़ियों के टोल मुंह में भोले बम.. बम... बम करते हुए निकल रहे हैं, जिससे माहौल भी धार्मिक हो रहा है। धर्मार्थ और पुण्य के लिए लोगों ने कावड़ विश्राम स्थल बनाए हैं, जहां कांवड़ियों की सेवा भी हो रही है। जात-पात, उंच-नीच, छोटा-बड़ा का भेद मिटाकर शिवभक्त कांवड़ियों का सैलाब हर-हर महादेव और बम-बोल के उद्घोष के साथ शिवालयों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। कंधे पर कांवड़ है और पैरों में छाले लेकिन जुबां पर भगवान आशुतोष का नाम है। शायद, यही नैतिक बल उन्हें मंजिल तक पहुंचने की शक्ति दे रहा है। श्रद्धा व आस्था के बढ़ते सैलाब के बीच कांवड़ सेवा शिविरों मैं कांवड़ियों की सेवा हो रही है। दूध, चाय और नाश्ता भी उनको परोसा जा रहा है। आराम दिलाने के लिए कावड़ को दूसरे लोग सावधानी से झुला रहे हैं। सेवा भाव से कांवड़ियां भी खुश दिख रहे। सोरों से हाथरस होकर यमुना पार करके कस्बे से निकल रहे कांवड़ियों के टोल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बने हैं। समूचा कस्बा बम बम भोले की गूंज से गूंजायमान हो रहा है। आज रात को काफी संख्या में कांवरिया अपनी मंजिल की ओर बढ़ जाएंगे। महाशिवरात्रि पर काफी संख्या में यह कांवड़ियां राजस्थान स्थित सैपऊ भोला में कावड़ का विसर्जन करेंगे, जबकि कुछ श्रद्धालु अपने गांव के महादेव मंदिरों में गंगाजल अर्पित करेंगे। महाशिवरात्रि पर्व पर गंगाघाट से कावंड़ लेकर आ रहे कावंड़ियों का जत्था कस्बा राया में पहुंचने पर बम बम भोले की गूंज से गुंजायमान हो रहा है। वहीं कस्बे में जगह जगह सब्जी, पूड़ी, फल, चाय, दूध एवं दवाई आदि की स्टॉलें लगाकर लोग श्रद्धालुओं की सेवा में लगे दिखाई दिए। वही कस्बे के हाथरस मथुरा मुख्य मार्ग पर कावड़ियों की सुरक्षा हेतु जगह जगह पुलिस पिकेट तैनात की गयी है। इस बार सड़को पर जाम की समस्या को देखते हुए प्रसाशन ने कोयल कट से वाहनों को बरेली हाईवे मार्ग से होकर डायवर्ट किया है। जिससे कावड़ियों को परेशानी का सामना नही करना पड़े। थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह तथा कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी उज्ज्वल शर्मा पुलिस टीम के साथ कावड़ियों की सुरक्षा व्यबस्था में लगे रहे। वही नगर पंचायत द्वारा सड़कों पर साफ सफाई एवं बिजली की व्यंबस्था सुचारू की है जिससे कावड़ियों को आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

## काशीराम बस्ती का हिन्दू सम्मेलन भारत पुन: विश्वगुरु बनेगा: महेंद्र



**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र शर्मा ने रिफाइनरी नगर की काशीराम बस्ती के हिन्दू सम्मेलन को संबोधित किया। कहा कि भारत हिंदुओं का देश है। यहां अन्य लोग रह सकते हैं, मगर यह देश हिंदुओं का ही कहलायेगा। भारत में जितनी भी चीजें आगे बढ़ाएंगे उसका दायित्व भी हिंदुओं का है। बीबीआर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वक्ता महेंद्र शर्मा क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि हम लोगों को संगठित होना चाहिए।

क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझना है तो पहले संघ की शाखा में आना होगा, तभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझा जा सकता है। मुख्य अतिथि संत पीठाधीश्वर सदगुरु ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि हिंदू समाज को जागृत करने के लिए मातृशक्ति और युवा वर्ग आगे आए। बीबीआर इंटरनेशनल स्कूल, श्रीकृष्ण चन्द गांधी सरस्वती विद्या मंदिर और मदन मोहन कलावती के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर ठा. रामजीलाल, मुकेश शर्मा, निदेशक ओमकार सिंह, सतीश शर्मा, हरी प्रसाद, जगदीश राजपूत, सचिन भारत, माधव पुल्कित, रोहतास, सरिता सिंह, चंद्रभान, बीएमएल अग्रवाल, हर्ष, घनश्याम लोधी, नयन शर्मा, हेमराज, अनिल शर्मा, अंकिता पाठक, विक्रम सिंह एवं मनमोहन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। मो. 9837155888 E-mail : newsuniquesamay@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053